卐 श्री सदगुरू देवाय नमः卐 卐ओ३म्卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी卐卐 जय बाबा की卐卐 श्याम बाबा卐ॐ卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यःशोकवह्नि जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 24 ♦अंक 103 ♦पृष्ठ 8 ♦रूद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦शनिवार ♦20 जनवरी 2024 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

GAGNEJA PROPERTIES
CONTACT FOR SALE, PURCHASE RENT & LEASE
✔ Shops ✔ Houses
✔ Industrial Property
✔ Commercial Property
✔ Agriculture Land
REAL ESTATE WITHOUT THE HASSLE
MO.-8630672525,8279444462
ADD- SRA F69, Shop No.4, Adarsh Colony, Rudrapur

## राम भक्ति में डूबा उत्तराखण्ड

### मैदान से लेकर पहाड़ तक दीपोत्सव की तैयारियां जोरों पर, धार्मिक आयोजनों से राम मय हुआ माहौल





देहरादून/रूद्रपुर (उद संवाददाता)। अयोध्या में श्री राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा से पहले पूरे उत्तराखण्ड का माहौल राममय हो गया है। 22 जनवरी को दीपोत्सव मनाने की तैयारियां जोर शोर से की जा रही हैं वहीं जगह जगह शोभा यात्रा एवं धार्मिक आयोजनों से माहौल पूरी तरह भक्तिमय हो गया है। मैदान से लेकर पहाड़ तक हर तरफ जय श्री राम के उदघोषों की गूंज सुनाई दे रही है। राजधानी देहरादून में शनिवार शाम को विशाल शोभा यात्रा निकालने की तैयारी की जा रही है। वहीं जिला मुख्यालय रूद्रपुर में गांधी पार्क में सामूहिक हनुमान चालीसा के पाठ से माहौल भक्तिमय हो गया। राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा सम्पर्क अभियान समिति की ओर से आयोजित हनुमान चालीसा पाठ में हजारो की संख्या में रामभक्तों ने एकल विद्यालय की छात्राओं के साथ मिलकर (शेष पृष्ठ सात पर)

## ट्रक की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत



लालकुआं(उद संवाददाता)। ट्रांसपोर्ट नगर क्षेत्र में ट्रक और बाइक की भिड़ंत में बाइक सवार युवक की मौत हो गयी। सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार शुक्रवार रात लगभग 9:15 बजे लाल कुआं से किच्छा की ओर जा रही मोटरसाइकिल संख्या यूपी 25सीडब्ल्यू 5779 जैसे ही लालकुआं ट्रांसपोर्ट नगर क्षेत्र में पहुंची था तभी 16 टायरा ट्रक संख्या यूपी 25ईटी 6049 के चालक ने अचानक लापरवाही से ट्रक मोड़ दिया, मोटर साइकिल सवार जब तक कुछ समझ पाता तब तक उक्त मोटरसाइकिल और ट्रक की सीधी भिड़ंत हो गई। दुर्घटना में मोटरसाइकिल सवार का हेलमेट पूरी तरह टूट कर चकनाचूर हो गया। मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस की 112 सेवा द्वारा तुरंत ही घायल को हल्द्वानी अस्पताल भेजा गया। रास्ते में आई 108 में उसे शिफ्ट कर दिया गया । डॉ सुशीला तिवारी चिकित्सालय हल्द्वानी पहुंचने से पूर्व ही मोटर साइकिल सवार ने दम तोड़ दिया। मोटरसाइकिल सवार की पहचान 36 वर्षीय मोहम्मद इस्लाम पुत्र हफीक अहमद निवासी ग्राम कुमरा तहसील इज्जतनगर जिला बरेली के रूप में हुई है। घटना के बाद पुलिस ने परिजनों को जानकारी दी (शेष पृष्ठ सात पर)

## प्राण प्रतिष्ठा को लेकर उत्तराखण्ड में अलर्ट



देहरादून(उद संवाददाता)। अयोध्या में 22 जनवरी को होनी वाली श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर उत्तराखंड राज्य में अलर्ट कर दिया गया है। देहरादून में एडीजी कानून व्यवस्था एपी अंशुमन ने रेंज और जनपद प्रभारियों की बैठक ली। जिसमें पुलिस व खुफिया विभाग को पूरी तरह सतर्कता बरतने के निर्देश दिए।एडीजी ने कहा कि अपने-अपने क्षेत्र में सांप्रदायिक सौहार्द, कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए फोर्स मैनेजमेंट पुख्ता किया जाए। उन्होंने गणतंत्र दिवस के लिए भी सतर्क रहते हुए महत्वपूर्ण स्थलों, रेलवे व बस स्टेशनों, पार्किंग, भीड़-भाड़ व धार्मिक स्थलों व राज्य से चलने वाली ट्रेनों में विशेष चेकिंग के भी निर्देश दिए। इसके अलावा मोबाइल पार्टियों व गश्त को नियुक्त कर अपने-अपने सीमावर्ती राज्यों, जनपदों के बॉर्डर व चौक पोस्टों पर सघन चेकिंग के भी निर्देश दिए। इसके अलावा 2024 में होने वाले चुनाव को निर्विवाद व शांतिपूर्ण पूरा करने के लिए भी तैयारियां करने के निर्देश दिए। उन्होंने होटल, धर्मशालाओं, (शेष पृष्ठ सात पर)




## जल निगम और जल संस्थान को खत्म करने की कोशिश का किया विरोध

### जल निगम, जल संस्थान संयुक्त मोर्चा ने दिया सांकेतिक धरना



रूद्रपुर (उद संवाददाता)। विभिन्न मांगों को लेकर जल निगम, जल संस्थान संयुक्त मोर्चा ने अधिशासी अभियंता उत्तराखण्ड जल संस्थान के कार्यालय के समक्ष सांकेतिक धरना दिया। धरना स्थल पर सभा को सम्बोधित करते हुए मोर्चा के पदाधिकारियों ने कहा कि शहरी विकास विभाग के अन्तर्गत संचालित पेयजल एवं सीवरेज कार्यों का निर्माण कार्य उत्तराखण्ड पेजल निगम से न कराकर यूयूएसडीए द्वारा कराया जा रहा है और उसका संचालन कार्य भविष्य में उत्तराखण्ड जल संस्थान द्वारा ना कराकर यूयूएसडीए द्वारा स्वंय अपने हाथो में लिया जा रहा है। उक्त कार्यवाही उत्तरप्रदेश जलापूर्ति एवं सम्भरण अधि नियम 1975 का स्पष्ट उल्लघन है। शहरी विकास विभाग द्वारा निर्माण/ संचालन विशेष विभाग उत्तराखण्ड पेयजल निगम व उत्तराखण्ड जलसंस्थान को खत्म करने की साजिश लगातार की जा रही है। कहा कि एक ओर एकीकरण/ राजकीय करण शासन स्तर से बिलम्ब होने से उत्तराखण्ड पेयजल निगम सभी कार्मिक निराश (शेष पृष्ठ सात पर)

## महिला कर्मियों के कमरे से नगदी और मोबाईल चोरी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। अज्ञात चोरों ने नारायण कालोनी ट्रांजिट कैंप में एक कमरे का ताला तोड़कर वहां से दो मोबाईल व हजारों की नगदी चोरी कर ली। मामले की सूचना पुलिस को दे दी गई है। दिया पलडिया पुत्री शंकर दत्त पलडिया हाल निवासी नारायण कालोनी का कहना है कि वह अपनी रूम पार्टनर गंगा मलड़ा तथा रबीना भण्डारी के साथ किराये पर रहती है। 19 जनवरी को सुबह वह व उसकी रूम पार्टनर गंगा काम करने के लिये चली गयी। कुछ देर बाद तीसरी रूम पार्टनर रबीना भण्डारी भी कमरे में ताला (शेष पृष्ठ सात पर)

### ।। श्रद्धा सुमन ।।



**नैनं छिन्दन्ति शस्त्राणि नैनं दहति पावकः ।**
**न चौनं क्लेदयन्त्यापो न शोषयति मारूतः ।।**
**'हरि इच्छा भावी बलवाना'**

अत्यंत दुख के साथ सूचित किया जाता है कि हमारी पूज्यनीय माताजी **श्रीमती रूकमणी बंसल जी ( पत्नी स्व. श्री सीताराम बंसल जी )** का स्वर्गवास दिनांक 11जनवरी 2024 को हो गया है, उनकी आत्मिक शांति हेतु **'रस्म पगड़ी एवं श्रद्धांजली सभा' दिनांक 21 जनवरी 2024 दिन रविवार** को दोपहर 3 बजे से सायं 4 तक **सिटी क्लब, काशीपुर बाईपास रोड, रुद्रपुर** में होगी।

**दुखित परिवार**

प्रेम चन्द बंसल (देवर)
एवं समस्त बंसल परिवार
निवासी :- इंदिरा कॉलोनी गली नंबर 3, रुद्रपुर
-ग्रीन पार्क सी-81रुद्रपुर

पूजा बंसल-नरेन्द्र बंसल (पुत्रवधु-पुत्र)
**( कोषाध्यक्ष-श्री अग्रवाल सभा रुद्रपुर )**
निशा बंसल-महेन्द्र बंसल (पुत्रवधु-पुत्र)
ममता गोयल-मुकेश गोयल (पुत्री-दामाद)
कृष्णा,राघव,माधव,मयंक, सृष्टि(पौत्र,पौत्री)

# सुसज्जित हुई अयोध्या नगरी

## रामलला की सम्पूर्ण प्रतिमा में दशावतारों के होंगे साक्षात दर्शन श्रद्धालुओं के लिए कनक भवन, हनुमान गढ़ी, दशरथ महल और सरयू के आकर्षण के नए केंद्र के रूप में होगा संग्रहालय का निर्माण





अयोध्या । श्री राममंदिर में स्थापित रामलला की मूर्ति बेहद सुंदर है। इसमें भगवान राम के बाल स्वरूप के साथ ही महाविष्णु समेत उनके दशावतार के दर्शन भी एकसाथ होंगे। नागर शैली में बने संपूर्ण मूर्ति एक ही पत्थर में बनी हुई है और रामलला बाल रूप में धनुष-बाण लेकर विराजमान हैं। 51 इंच की ऊंचाई वाले विग्रह के प्रभावलय में ही दशावतार को भी उकेरा गया है। सबसे ऊपर मध्य में महाविष्णु, इसके बाद मत्स्य, कूर्म, वराह, नरसिंह, वामन, परशुराम, राम, कृष्ण, बुद्ध और कल्कि अवतार हैं। मूर्ति देखने वालों ने बताया कि उन्होंने विग्रह के दर्शन से आनंद व ऊर्जा महसूस किया। प्राणप्रतिष्ठा के बाद 23 जनवरी से मंदिर के कपाट आम श्रद्धालुओं के लिए भी खुल जाएंगे। कर्मकांडी पं. लक्ष्मीकांत द्विवेदी का कहना है कि भगवान राम तो साक्षात धर्म के विग्रह हैं। धर्म की रक्षा के लिए ही भगवान विष्णु ने दशावतार लिए और विश्व का कल्याण किया। मंदिर के गर्भगृह के पहले तीन मंडप बनाए गए हैं और मुख्य द्वार पर द्वारपाल के रूप में जय-विजय की मूर्तियां भी लगाई गई हैं। सीढ़ियों से गर्भगृह की तरफ बढ़ने पर सबसे पहले नृत्यमंडप है। इसमें 8 स्तंभ हैं। इस पर भगवान शिव व उनके परिवार की भी मूर्तियां हैं। नृत्यमंडप से गर्भगृह की तरफ बढ़ने पर रंगमंडप है। इनके बीच चार स्तंभों पर गणपति विराजमान हैं। सभा मंडप के चार स्तंभों पर गणपति की मूर्तियां हैं। इसकी दीवारों पर रामलला की लीलाओं को उकेरा गया है। सभा मंडप के ठीक सामने गर्भगृह है, जिसमें स्वर्णजडित द्वार से होकर रामलला के दर्शन होंगे। गर्भगृह के मुख्यद्वार के ठीक ऊपर शेषशय्या पर विश्राम करते हुए विष्णु भगवान को उकेरा गया है। उनके साथ ब्रह्माजी और शिवजी हैं। अर्धचंद्र के बाहर सूर्य, चंद्र और गरुड़ बने हैं। गर्भगृह की चौखट पर दोनों तरफ चंद्रधारी गंगा, यमुना की मूर्तियां हैं। एक ओर मगरमच्छ पर विराजमान गंगाजी हाथ में कलश लिए और दूसरी ओर कूर्म पर विराजमान यमुनाजी की मूर्ति है। गर्भगृह के बाएं तरफ बड़े मंडप में एक ताखे पर गणेशजी की मूर्ति है। उसके ऊपर रिद्धि-सिद्धि व शुभ-लाभ के चिह्न हैं। एक ताखे में हनुमानजी की प्रणाम मुद्रा की मूर्ति के ऊपर अंगद, सुग्रीव व जामवंत की मूर्तियां बनाई गई हैं। अयोध्या धाम आने वाले श्रद्धालु रामलला के दर्शन के साथ ही अयोध्या की संस्कृति और सूर्यवंश के वैभव से रूबरू हो सकेंगे। रामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने इसके लिए भव्य संग्रहालय का खाका तैयार किया है। श्रद्धालुओं के लिए कनक भवन, हनुमान गढ़ी, दशरथ महल और सरयू के बाद आकर्षण के नए केंद्र के रूप में संग्रहालय का निर्माण किया जाएगा। संग्रहालय में जन्मभूमि क्षेत्र में खोदाई से मिली मूर्तियों व मंदिरों के अवशेषों को रखा जाएगा। इसमें महाराजा विक्रमादित्य के समय के मंदिरों के अवशेष, 12वीं सदीं, छठवीं सदी, पांचवी सदी, ईसा पूर्व13वीं सदी के मंदिरों के अवशेष संरक्षित किए जाएंगे। टेराकोटा की 270 मूर्तियां व अवशेष भी होंगे। संग्रहालय के निर्माण का कार्य प्राणप्रतिष्ठा समारोह के बाद शुरू होने की संभावना है। खोदाई में मिले अवशेष और मूर्तियों की संख्या इतनी ज्यादा है कि वर्तमान में स्थित रामकथा संग्रहालय में रखा जाए, तो वह पूरी तरह से भर जाएगा। रामायण वैक्स संग्रहालय की योजना पर भी काम चल रहा है। इसमें सीता स्वयंवर, राम वन गमन के साथ ही वैक्स की 35 से अधिक प्रतिमाएं होंगी। दो एकड़ में बनने वाले संग्रहालय में थ्री डी इफेक्ट और मोम की प्रतिमाएं होंगी। पहले चरण में राम कथा पर आधारित प्रतिमाएं और दूसरे चरण में भगवान कृष्ण पर आधारित चित्र व प्रतिमाएं लगाई जाएंगी। वैक्स की आकृतियां सुनील कंडाल्लूर की देखरेख में तैयार होंगी।

## रामलला की मूर्ति की वायरल हो रही तस्वीरों पर मुख्य पुजारी नाराज!

अयोध्या। श्री राम मंदिर के शुभारंभ को लेकर देशभर में भारी उत्साह छाया हुआ है। वहीं सोशल मीडिया पर भी भगवान श्री राम की तस्वीरें लगातार वायरल हो रही है। बताया जा रहा है कि नवनिर्मित मंदिर के गर्भगृह में विराजमान श्री राम की प्रतिमा की शुक्रवार से कई नई तस्वीरें वायरल हो रही है जिसके बाद राम मंदिर (प्राण प्रतिष्ठा) समारोह पर राम जन्मभूमि के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि जहां नई मूर्ति है वहीं प्राण प्रतिष्ठा के नियम हो रहे हैं। अभी शरीर को कपड़े से ढंक दिया गया है, जो आंख खुली हुई मूर्ति दिखाई गई वो सही नहीं है। प्राण प्रतिष्ठा से पहले नेत्र नहीं खुलेंगे। यदि ऐसी तस्वीर आ रही है तो इसकी जांच होगी कि ऐसा किसने किया है। भगवान राम की मूर्ति पर श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येन्द्र दास ने कहा कि प्राण प्रतिष्ठा पूरी होने से पहले भगवान राम की मूर्ति की आंखें दिखाई नहीं जा सकतीं। जिस मूर्ति में भगवान राम की आंखें देखी जा सकें, वह असली मूर्ति नहीं है। अगर आंखें देखी जा सकती हैं तो आंखें किसने दिखाईं और मूर्ति की तस्वीरें कैसे वायरल हो रही हैं, इसकी जांच होनी चाहिए।





# आमंत्रित लोगों की होगी अयोध्या में एंट्री

## श्री राम मंदिर में 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा की तैयारियां पूर्ण: लखनऊ से अयोध्या के लिए 23 जनवरी के बाद रोजाना चलेंगी स्पेशल बसें, श्रद्धालुओं के लिए दक्षिण भारत, दिल्ली, मुंबई, जयपुर, अहमदाबाद आदि जगहों से यात्रा सेवा शुरू होगी

लखनऊ/अयोध्या(उद ब्यूरो)। श्री राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के मद्देनजर यातायात डायवर्जन शुक्रवार की मध्य रात्रि से लागू कर दिया गया है। डायवर्जन के चलते लखनऊ, गोंडा, बस्ती, अंबेडकरनगर, सुल्तानपुर, अमेठी से अयोध्या की ओर आने वाले वाहनों को अलग-अलग मार्गों से गंतव्य तक भेजा जाएगा। अयोध्या में तीन दिनों के लिए बाहरी व्यक्तियों की एंट्री भी नहीं होगी। जो वहां के स्थानीय लोग हैं उन्हें पहचान पत्र दिए गए हैं। रामलला के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के बाद लखनऊ से अयोध्या के बीच रोजाना 80 बसों का संचालन किया जाएगा। इससे तकरीबन 40 हजार श्रद्घालुओं को राहत मिलेगी। बस अड्डों से हर 20 मिनट के अंतराल पर यात्रियों को बसें उपलब्ध होंगी। हाल ही रोडवेज प्रशासन ने कैसरबाग से अयोध्या के बीच एसी जनरथ बसों का संचालन शुरू किया है। वहीं 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा के बाद श्रद्धालुओं के लिए रोडवेज लखनऊ से अयोध्या के बीच 80 बसें संचालित करेगा। आलमबाग, चारबाग, कैसरबाग और अवध बस स्टेशन से अयोध्या के लिए सीधी बसों की साधारण सेवाएं चलेंगी। रोडवेज के क्षेत्रीय प्रबंधक आरके त्रिपाठी ने बताया कि इससे लखनऊ से अयोध्या के बीच साधारण बसों की संख्या दोगुनी हो जाएगी। इन बसों की समय सारिणी बस अड्डों पर लगे एलईडी स्क्रीन पर दिखेगी। इस बाबत तैयारियां पूरी हो गई हैं। सभी बस अड्डों पर श्रद्धालुओं के लिए हेल्प डेस्क भी बनाई गई हैं। इनसे श्रद्धालु बसों के आवागमन की जानकारी ले सकते हैं। परेशानी होने पर यात्री टोल फ्री नंबर-18001802877 पर संपर्क कर सकते हैं। महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा पर शुक्रवार को थोड़ी-थोड़ी देर पर मुंबई, कोलकाता, अहमदाबाद, बंगलुरू से विमान आए। दिल्ली से दो विमान यात्रियों को लेकर यहां पहुंचे।



मौसम की खराबी के चलते विमानों के आने जाने में देरी हुई। लगभग डेढ़ बजे तक कोई भी विमान यहां नहीं उतरा। श्रीराम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा की तिथि करीब आने के साथ ही एयरपोर्ट पर सुरक्षा सख्त की जा रही है। शुक्रवार को प्रयागराज हाईवे से एयरपोर्ट तक के डेढ़ किमी की दूरी में दोनों ओर थोड़ी-थोड़ी दूर पर पुलिस के जवानों की तैनाती कर दी गई। पुलिस के अफसरों की आवाजाही भी रही। एयरपोर्ट के गेट पर सुरक्षा सख्त कर दी गई। बड़ी संख्या में पुलिस के जवान तैनात कर दिए गए। बगैर पास किसी को भी अंदर जाने की अनुमति नहीं थी। रामलला के प्राण प्रतिष्ठा के बाद अयोध्या में श्रद्घालुओं की संख्या में वृद्घि की उम्मीद को देखते हुए रेलवे प्रशासन आस्था ट्रेनों को चलाने की तैयारी कर रहा है। गोमतीनगर व चारबाग से अयोध्या के लिए आस्था मेमू ट्रेनें चलाई जाएंगी। उम्मीद जताई जा रही है कि ये ट्रेनें 25 से शुरू हो सकती हैं। बहरहाल अफसर ट्रेन के नोटिफिकेशन जारी होने का इंतजार कर रहे हैं। अयोध्या के महत्व को देखते हुए उत्तर रेलवे अयोध्या कैंट, अयोध्या धाम, सालारपुर व दर्शननगर, तो पूर्वोत्तर रेलवे रामघाट स्टेशन को अत्याधुनिक बना रहा है। अब आस्था ट्रेनों को चलाने की तैयारी है। रेलवे अधिकारियों ने बताया कि आस्था ट्रेनें दो तरह की रहेंगी। अयोध्या के आसपास के जिलों से आस्था मेमू ट्रेनें चलाई जाएंगी। मसलन, लखनऊ, प्रयागराज, वाराणसी आदि जगहों से आस्था मेमू ट्रेनें चलाई जाएंगी। इसके लिए 10 ट्रेनें मिलेंगी। वहीं दक्षिण भारत, दिल्ली, मुंबई, जयपुर, अहमदाबाद आदि जगहों से लंबी दूरी की आस्था ट्रेनें चलेंगी, जिसमें स्लीपर व एसी की बोगियां रहेंगी। ऐसी तकरीबन 300 ट्रेनें पूरे देश से चलकर अयोध्या पहुंचेंगी। छोटी दूरी के लिए चलने वाली आस्था मेमू ट्रेनों को 25 से शुरू किया जा सकता है। पर, इस बाबत आधिकारिक रूप से अफसर कुछ भी बोलने से बच रहे हैं। रेलवे अधिकारियों के मुताबिक अयोध्या के लिए 32 जोड़ी ट्रेनों को चलाया जा रहा है। इनसे करीब 25 हजार यात्रियों की आवाजाही होती है। प्राण प्रतिष्ठा के बाद यात्रियों की संख्या बढ़कर 75 हजार से एक लाख तक पहुंच सकती है। ऐसे में ट्रेनों की संख्या में भी बढ़ोतरी की जा रही है। दो वंदे भारत, एक अमृत भारत ट्रेन शुरू करने के बाद अब आस्था ट्रेनें अयोध्या से जुड़ेंगी। इससे श्रद्घालुओं को आवागमन में सहूलियत होगी।




रूद्रपुर के गांधी पार्क में आयोजित सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ के दौरान पहुंचे साधू संतों को सम्मानित करते आयोजन समिति के सदस्यगण।

# श्री राम शोभा यात्रा का जोरदार स्वागत

खटीमा (उद संवाददाता)। प्रतिदिन की भांति श्री राम जी की शोभायात्रा रामलीला ग्राउंड से प्रारंभ होकर टनकपुर रोड पूर्णागिरि कॉलोनी की विभिन्न गलियों से निकल गई, ढोल मजीरो ढोलक की थाप अन्य वाद्य यंत्रों के साथ यात्रा में शामिल महिलाओं ने रामधुन, श्री राम कीर्तन, राम सीता के गुणगान के गीत गाए। श्री राम यात्रा में छोटे-छोटे बच्चे हाथों में भगवान राम झंडा लेकर जय श्री राम का नारा लगाते हुए निकले। यात्रा में शामिल महिलाऐं एवं बच्चे उत्साहित होकर, राम लाल के जयकारे लगाते हुए यात्रा में शामिल हुए। यात्रा में वरिष्ठ व्यवसायी महेंद्र अग्रवाल, मनोज कन्याल ने पुष्प वर्षा एवं मिष्ठान वितरण पर स्वागत किया। जगह-जगह आतिशबाजी के साथ यात्रा का स्थानीय लोगों ने स्वागत किया। यात्रा श्रीराम अरोड़ा के प्रतिष्ठान पर भी पहुंची जहां उत्तरांचल पंजाबी महासभा के संरक्षक श्री राम अरोड़ा ने प्रसाद वितरण कर यात्रा का स्वागत किया एवं यात्रा में शामिल यात्रा के आयोजकों को पुष्प माला पहनकर उनका उत्साह बढ़ाया। यात्रा महा आरती के साथ रामलीला ग्राउंड में संपन्न हुई। यात्रा में मुख्य रूप से आयोजक सतीश गोयल, रामू भैया, मनोज वाधवा ,नंदू भैया, किशन सिंह, भुवन भट्ट, संतोष अग्रवाल, गीता जीना, सजल अग्रवाल, राकेश चौहान, धन सिंह भंडारी, प्रमोद गटोरी, लक्ष्मी धामी, गणेश भंडारी, सावित्री देवी, इंदिरा चंद, प्रेम मेहर, आलोक गोयल, उमेश गोयल, हरिमोहन जोशी, राजेश रस्तोगी, भवानी भंडारी ,शिबू अग्रवाल, अरविंद कश्यप, अशोक दास, सुधीर बंसल, घनश्याम अग्रवाल, सुमित भटनागर, संदीप सिंघल, अनमोल अग्रवाल, नवीन भट्ट, प्रवीण गुप्ता, दीपक शुक्ला, मिंटू टंडन, सूरज धामी, अनुराग वर्मा, प्रियांशु बंसल, ज्ञानेंद्र मिश्रा, देवेंद्र रिंकू, महेंद्र रस्तोगी, मनोज मलिक, राजेश पांडे, भागीरथी देवी, शुभम सरसवाल, कमल शर्मा, नीरज रस्तोगी, राजू श्रीवास्तव, दीपेश तिवारी, विशाल चौहान, ऐश्वर्या अरोड़ा, प्रदीप कुमार, रमेश ढींगरा आदि राम भक्त उपस्थित थे।



# गदरपुर में निकाली भव्य कलश यात्रा



गदरपुर(उद संवाददाता)। आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में भगवान श्रीराम जी की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में नगर में विश्व हिन्दू परिषद एवं राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के नेतृत्व में विशाल भव्य कलश यात्रा निकाली गयी,जिसमें भारी संख्या में महिलाओं व पुरुषों ने भाग लेते हुए भगवान श्रीराम के उद्घोष एवं गुणगान से नगर को राममय बना दिया। श्री सनातन धर्म मंदिर के पुजारी पंडित विजय कुमार शास्त्री द्वारा पूजा अर्चना के उपरांत भव्य कलश यात्रा का शुभारंभ कराया गया। कलश यात्रा में सुंदर भजनों और डीजे की मधुर स्वर लहरियों के बीच पुरुष महिला श्रद्धालु नाचते गाते चल रहे थे कलश यात्रा का नगर के विभिन्न स्थानों पर पुष्प वर्षा के साथ जोरदार स्वागत किया गया। कलश यात्रा मुख्य बाजार से होते हुए सकैनिया मोड के सामने स्थित सती मठ मंदिर पर समाप्त हुई। कलश यात्रा में श्री रामध्वज के साथ भगवान श्रीराम का गुणगान किया जा रहा था जिससे नगर श्रीराम मय भक्ति में डूब गया। कलश यात्रा में नगर संघ कार्यवाहक जीवन जोशी, संदीप गुंबर,राजकुमार सुखीजा, रविंद्र बजाज,विनोद चुघ,पंकज सेतिया, गुलशन शर्मा,सुरेश खुराना, अशोक हुड़िया, राकेश भुड्डी, राजेश गुम्बर मिन्नी, दीपक बेहड़,अशोक छाबड़ा, सोमनाथ छाबड़ा,दर्शन सिंह नेगी, सोमनाथ गाबा,मयंक चुघ,मनोज गुम्बर, वंश गुप्ता,ज्योति छाबड़ा,पूनम ग्रोवर,अंजू भुड्डी,राजबाला चौहान, कुलबीरी चौधरी,ज्योति अरोड़ा,मानसी शर्मा,फूलांरानी, बचनी शर्मा,सोलंकी अनेजा, पायल बजाज,सरोज बजाज, सुनीता सुखीजा सहित काफी संख्या में महिला व पुरुष शामिल रहे।

# टनकपुर में चलाया विशेष सफाई अभियान

टनकपुर (उद संवाददाता)।सचिव उत्तराखंड शासन एवं जिलाधिकारी चंपावत के आदेशानुपालन में अयोध्या में श्री राम मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम की तिथि 22 जनवरी तक पूरे प्रदेश के साथ-साथ जिला चंपावत के नगर क्षेत्र टनकपुर में विशेष सफाई जा रहा है। इसी क्रम में टनकपुर के वार्ड नंबर एक क्षेत्र में डॉक्टर मोहम्मद शाहिद (प्रभारी चिकित्सा अधिकारी राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय टनकपुर) को नोडल अधिकारी नामित किया गया जिनके नेतृत्व में टनकपुर शारदा घाट के तट पर संध्या आरती से पहले विशेष सफाई अभियान चलाया गया व



कारपेट बिछाकर सौन्दर्यीकरण में सहभागिता की गई जिसके बाद पंचमुखी मंदिर, पशुपतिनाथ मंदिर, महादेव मंदिर,सीता राम मंदिर,में अभियान के तहत साफ सफाई की गई जिसमे मंदिर के पुजारीयों नें भी सहयोग किया। इस दौरान सामाजिक संगठन, स्वयं सहायता समूह, महिला मंगलदल, युवक मंगलदल,पर्यावरण मित्र की टीम,हंसा जोशी महिला मोर्चा जिला महामंत्री, श्रीमती विद्या जुकरिया जिला मंत्री मौजूद रहे।

# नव वर्ष 2024 कैलेंडर का किया विमोचन

गदरपुर(उद संवाददाता)।थाने में थाना अध्यक्ष भुवन जोशी और मीडिया क्लब के अध्यक्ष मुकेश पाल ने नव वर्ष 2024 के कैलेंडर का विमोचन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए थाना अध्यक्ष भुवन चंद जोशी ने बताया कि नव वर्ष 2024 का कैलेंडर छपा है उन्होंने शाहनूर अली और राजेंद्र छाबड़ा को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जिस दौर में अखबार बंद हो रहे हैं उस दौर में अखबार के साथ-साथ कैलेंडर निकालना भी एक साहसिक निर्णय है। वहीं मीडिया क्लब अध्यक्ष मुकेश पाल ने कहा कि शाहनूर अली और राजेंद्र छाबड़ा ने प्रिंट मीडिया और इलेक्ट्रॉनिक



मीडिया में अपना एक नया मुकाम बनाया है। इस दौरान थाना अध्यक्ष भुवन चंद जोशी,प्रभारी निरीक्षक अभि सूचना इकाई रिजवान खांन, उप निरीक्षक ओम प्रकाश, एस आईराकेश कठायत, उप निरीक्षक भूपेंद्र रसवाल, उप निरीक्षक बसंत कुमार, उप निरीक्षक कुसुम रावत, उप निरीक्षक पूरन सिंह तोमर,आरक्षी भुवन गीरि,कांस्टेबल इरशाद उल्ला,मीडिया क्लब अध्यक्ष मुकेश पाल,मीडिया क्लब संरक्षक विकास तनेजा, सचिव राकेश अरोरा,कोषाध्यक्ष शाहनूर अली गौरव बत्रा,राजेंद्र छाबड़ा, उमर अली,सुरेंद्र चावला,रिजवान अली,रामपाल, बिपुल प्रजापति,निशांत गुप्ता,सचिन गुप्ता,नसरुद्दीन आदि लोग उपस्थित रहे।

# चौराहों पर लगाये भगवा ध्वज

किच्छा(उद संवाददाता)। श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा निमंत्रण अभियान समिति के संयोजक सचिन चावला के नेतृत्व में शहर के विभिन्न चौराहों पर भगवा ध्वज लगाए गए। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए समिति के संयोजक सचिन चावला ने बताया कि शहर के महाराणा प्रताप सिंह चौक, दीनदयाल उपाध्याय चौक और आदित्य चौक को भगवा ध्वज और फूलमाला से सजाया जाएगा।वही श्री सनातन धर्म मंदिर कमेटी किच्छा और नवयुवक कला केंद्र के समस्त कार्यकर्ताओं द्वारा



आगे बढ़कर भगवान राम का गुणगान निरंतर किया जा रहा हैं। उन्होंने बताया कि आने वाली 22 जनवरी को महादीपावली के रूप में मनाने की तैयारी की जा रही है, इसके लिए तैयारियां पूरी कर ली गई है। इस दौरान राम अवतार अग्रवाल,अमित कालड़ा, गेंदन लाल, चमन सिडाना,बंटी कोली, राजकुमार कोली, दिनेश मित्तल, मंटू अग्रवाल सहित अन्य रामभक्त मौजूद थे।

# समाज की उन्नति में योगदान दें युवा: राज्यपाल

## कुमाऊं विश्वविद्यालय का 18वां दीक्षांत समारोह धूमधाम से संपन्न

नैनीताल( उद संवाददाता)। स्वर्ण जयंती वर्ष के तहत डीएसबी परिसर में कुमाऊं विश्वविद्यालय का 18वां दीक्षांत समारोह धूमधाम से मनाया गया। शिक्षा मंत्री डां धन सिंह रावत,आयुक्त दीपक रावत, कुलपति दीवान सिंह रावत, कुलसचिव दिनेश,पीएम के पूर्व सलाहकार भास्कर खुल्बे, विधायक सरिता आर्य ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। सर्वप्रथम कुलपति दीवान सिंह रावत ने विश्व विद्यालय की उपलब्धियों को बताया।कहा कि विश्वविद्यालय द्वारा हाल ही में विभिन्न क्षेत्रों में समकालीन व्यावसायिक पाठ्यक्रमों को शामिल किया गया है। दीक्षांत समारोह में वर्ष 2022और 2023 सत्र के 46,000 से अधिक विद्यार्थियों को उपाधि,379 शोधार्थियों को पीएचडी उपाधि और 151 मेधावियों को पदक और 6 को डीलेट से सम्मानित किया।विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र और पूर्व सचिव व विशेष कार्याधिकारी पर्यटन, विभाग उत्तराखंड भास्कर खुल्बे और पद्मश्री डॉ गोवर्धन मेहता विश्वविद्यालय द्वारा मानद उपाधि से सम्मानित किया गया।राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने शुक्रवार को कुमाऊँ विश्वविद्यालय के 18वें दीक्षांत समारोह में वर्चुअली प्रतिभाग करते हुए छात्र-छात्राओं को संबोधित किया। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने कहा कि देश और समाज की उन्नति में योगदान देना आपकी नैतिक जिम्मेदारी है। भारत विश्व गुरु के रूप में अपना स्थान पुन:




प्राप्त करने की आकांक्षा रखता है, और इस लक्ष्य को प्राप्त करने में मेहनती, विचारशील और मजबूत नागरिकों के रूप में युवाओं की भूमिका महत्वपूर्ण होगी। 25 वर्षों का ये अमृत काल आपके लिए कर्तव्य-काल भी है। जब आप अपने कर्तव्यों को सर्वोपरि रखेंगे तो समाज भी आगे बढ़ेगा, देश भी आगे बढ़ेगा। उन्होंने विश्वास जताया कि एक-एक युवा अपने हर दायित्व को पूरी निष्ठा और सामर्थ्य से पूरा करेगा। सशक्त, समर्थ और सक्षम भारत के संकल्प की सिद्धि से इसी अमृत काल में हम विश्व का भी नेतृत्व करेंगे। राज्यपाल ने कहा कि आज भारत दुनिया की टॉप फाइव इकॉनमी, दुनिया के टॉप थ्री स्टार्टअप इकोसिस्टम में आया है, आज भारत एक से बढ़कर एक इनोवेशन और रिकॉर्ड पेटेंट फाइल कर रहा है। आज भारत दुनिया का बड़ा मैन्यूफैक्चरिंग हब बन रहा है, तो इसके पीछे भारत के युवाओं की ताकत है। आपको अमृत काल में भारत को एक नई ऊंचाई पर लेकर जाना है। आप ऐसा काम करिए कि अगली शताब्दी में उस वक्त की पीढ़ी आपको याद करे, आपके पराक्रम को याद करे। उन्होंने विश्वास जताया कि युवाओं का सामर्थ्य, सेवा भाव, देश और समाज को नई ऊंचाई पर ले जाएगा और उनका प्रयास व परिश्रम भारत को सर्वश्रेष्ठ राष्ट्र बनाएगा। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने वर्चुअल के माध्यम से विश्वविद्यालय के 18 वें दीक्षांत समारोह में उपाधिधारकों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि विश्वविद्यालय द्वारा विद्यार्थियों की प्रतिभा एवं क्षमता के आधार पर उनको विशिष्ट क्षेत्रों में तकनीकी तथा बौद्धिक रूप से सशक्त किए जाने पर प्रसन्नता जाहिर की। शिक्षा मंत्री डां धन सिंह रावत ने कहा कि दीक्षांत समारोह में उपाधिधारकों को बधाई और उज्ज्वल भविष्य की कामना की। अपने संबोधन में कहा कि विवि का फार्मेसी विभाग भारत में 68 स्थान पर है, जो कि गर्व की बात है। कहा कि जो भी शोधार्थियों शोध और नवाचार करने चाहते है, उनके लिए विवि प्रस्ताव बना कर भेजे, जिससे शोधार्थियों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करना पड़े।पूरे भारत में उत्तराखंड ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति सबसे पहले लागू की। जिसका लाभ हर वर्ग के विद्यार्थियों को मिलेगा।साथ नए सत्र में विवि से नया कलेंडर बनाये जाएंगे और समर्थ पोर्टल के माध्यम से छात्र छात्राओं को प्रवेश लेने में किसी प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ा रहा है। राज्य के 25 साल पूरे होने पर 2025 में 100 प्रतिशत साक्षर , नशा मुक्ति राज्य, टीबी मुक्त बनाने के लिए युवाओं और विवि की महत्तवपूर्ण भूमिका रहेगी।






# कांग्रेस को बूथ स्तर पर करेंगे मजबूत: कुंजवाल

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। नैनीताल उधमसिंह नगर लोकसभा के नवनियुक्त प्रभारी गोविंद सिंह कुंजवाल ने स्वराज आश्रम में हल्द्वानी महानगर कांग्रेस की बैठक ली। विधायक सुमित हृदयेश और महानगर अध्यक्ष एडवोकेट गोविंद सिंह बिष्ट ने फूलमालाओं से नवनियुक्त प्रभारी गोविंद सिंह कुंजवाल का स्वागत किया।



श्री कुंजवाल ने कहा कि उनको कांग्रेस राष्ट्रीय नेतृत्व द्वारा कांग्रेस को बूथ स्तर तक चुनाव मोड में लाने का जो कार्य दिया गया है उसको वे सभी कांग्रेस पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के सहयोग से अवश्य पूरा करेंगे। उन्होंने बताया कि बूथों को और अधिक सशक्त बनाने के लिए अब 8 से 10 बूथों के एक मंडलम की नियुक्ति की जायेगी। मंडलम का कार्य ऊपरी स्तर और बूथ स्तर के मध्य समन्यवक का कार्य सहित बूथों को सीधे राष्ट्रीय स्तर के वार रूम से जोड़ना होगा। विधायक सुमित हृदयेश ने कहा कि आगामी 28 जनवरी को देहरादून में कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष मलिकार्जुन खड़के का बूथ अध्यक्षों संग संवाद कार्यक्रम ऐतिहासिक होगा। इससे कांग्रेस बूथ लेवल पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं में नये जोश का संचार होगा। महानगर अध्यक्ष एडवोकेट गोविंद सिंह बिष्ट ने कहा कि डोनेट फॉर नेशन के नारे की बुलंदी के लिए हर कार्यकर्ता उत्साहित है और देश की मजबूती हेतु कांग्रेस पार्टी की मजबूती के लिए अपने सहयोग के लिए आतुर है। बैठक में उपस्थित सभी पदाधिकारियों ने लोकसभा चुनाव हेतु अपने सुझाव लोकसभा प्रभारी को अंकित करवाये। बैठक में पीसीसी सदस्य हेमन्त बगडवाल, प्रदेश सचिव डॉ मयंक भट्ट, पूर्व दर्जा राज्य मंत्री हाजी सुहैल सिद्दीकी, जगमोहन बगडवाल, ललित जोशी, महानगर महामंत्री विनोद कुमार, ब्लॉक अध्यक्ष मोहन सिंह बिष्ट, महेशानंद, सौरभ भट्ट, कन्नू परगाई, तौफीक अहमद, लक्ष्मीकांत, राजेंद्र सिंह बिष्ट, जया कर्नाटक, विमला सांगूड़ी, पुष्पा नेगी, पार्षद राधा आर्य, दीपा बिष्ट, मीनाक्षी नयाल, पुष्पा मेहता, कमला तिवारी, दीपा देवी, मंजू बिष्ट, जसमीत कौर, सीमा लोहानी, मुन्नी पंत, जया पाठक, अनीता टम्टा, , राजू रावत, अमित रावत, युंका विधानसभा अध्यक्ष मोकिन सैफी, मीमांशा आर्य, हाजी इस्लामुद्दीन, गजेंद्र सम्मल, एडवोकेट कोमल जायसवाल, भुवन आर्य, आशीष कुडाई, आलोक शर्मा, बबलू बिष्ट, नीरज सिंह, नीरज नेगी, मनोज सांगुरी, खेमानंद पांडे, इंदर सिंह बिष्ट, लाल सिंह पवार, संजय जोशी, गणेश राम, ब्रिजेश कुमार, कमल सिंह मेहता, प्रदीप बिष्ट, सावन सिंह, अनिल कन्नौजिया, धर्मवीर, अभिषेक बिष्ट, प्रदीप कुमार, मोहम्मद अरमान सहित दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

# फार्मेसिस्टो ने मांगों को लेकर स्वास्थ्य मंत्री को सौंपा ज्ञापन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। डिप्लोमा फार्मेसिस्ट एसोसिएशन के कुमाऊं मंडल के एक शिष्ट मंडल ने प्रदेश के चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री धन सिंह रावत से मुलाकात कर उन्हें विभिन्न लंबित मांगों के निराकरण की मांग के साथ ज्ञापन सौंपा । शिष्ट मंडल ने कहा कि डिप्लोमा फार्मेसिस्ट एसोसिएशन कुमांऊ मण्डल शाखा, जनपद उधमसिंह नगर आगमन पर आपका हार्दिक अभिनन्दन एवं स्वागत करती है। राज्य के फार्मेसिस्ट आपके द्वारा की गई घोषणाओं की पूर्ति व अपनी लंबित मांगों के निराकरण के प्रति आशान्वित हैं। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड शासन द्वारा जारी शासनादेश से हुए संवर्ग के पुनर्गठन के फलस्वरूप अनेक चिकित्सालयों एवं चिकित्सा इकाईयों में फार्मासिस्ट के पदों में भारी कमी हो गई है। जिस कारण फार्मेसी सेवाओं पर बहुत बुरा असर पड़ रहा है। आईपीएचएस मानकों को बाध्यकारी बनाकर किया गया उपरोक्त पुनर्गठन उत्तराखण्ड राज्य की विषम भौगोलिक परिस्थितियों के अनुरूप उचित नहीं है। अत: आईपीएचएस मानकों में छूट प्रदान कर राज्य फार्मेसिस्ट संवर्ग में पदों में वृद्धि किये जाने की जाय। स्वास्थ्य उपकेन्द्रों हेतु पूर्व में सृजित 536 पदों को स्थगित करने से सुदूर पर्वतीय क्षेत्र की जनता के मिल रही स्वास्थ्य सेवा पर विपरीत असर पड़ रहा है। अत: पर्वतीय क्षेत्र के उपकेन्द्रों के लिए पूर्व में सृजित 536 फार्मेसिस्ट के पदों को क्रियाशील किया जाए।मध्य प्रदेश राज्य की भांति उधमसिंहनगर जनपद के अर्बन हैल्थ वेलनेस सेंटरों में फार्मेसिस्ट के पद सृजित किए जाएं। फार्मेसी सेवाओं के आम जीवन से जुड़ी विशेष सेवा के दृष्टिगत राज्य में कार्यरत फार्मेसिस्टों को 10 वर्ष की सेवा पर पदोन्नति के प्रथम पद का वेतनमान प्रदान किया जाए। घोषणाओं के अनुरूप फार्मेसिस्ट के पदनाम परिवर्तन हेतु शासनादेश जारी किया जाए। राज्य में विगत डेढ वर्ष से भी अधिक समय से फार्मेसिस्ट से चीफ फार्मासिस्ट पद पर पदोन्नति न होने से अनेक फार्मासिस्ट 35-36 वर्ष की सेवा पूर्ण करने के बाद भी बिना पदोन्नति के सेवानिवृत्त होने पर मजबूर हो रहे हैं।फार्मेसिस्ट संवर्ग में पदोन्नति हेतु डीपीसी करवाने की कृपा करें। डिप्लोमा फार्मेसिस्ट एसोसिएशन उपरोक्त लंबित मांगों की पूर्ति करने पर अत्यंत आभारी रहेगा। ज्ञापन देने वालों में डीके जोशी, बीएन बेलवाल, प्रेम शंकर सिंह, मोहन नाथ गोस्वामी, हरिप्रसाद आदि शामिल थे।



# बूट कैंप में उद्यमी और स्टार्टअप ने किए अनुभव साझा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। सरदार भगत सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में उत्तराखंड सरकार की देवभूमि उद्यमिता योजनान्तर्गत विद्यार्थियों के उद्यमिता कौशल विकास हेतु दो दिवसीय स्टार्टअप बूटकैंप का आयोजन किया गया। बूट कैंप के द्वितीय दिन विभिन्न उद्यमियों ने छात्रों के साथ स्टार्ट अप प्रारंभ करने से लेकर ऊचाईयों तक ले जाने से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर विचार व्यक्त किया। कॉलेज के प्राचार्य डॉक्टर डीसी पंत ने सर्वप्रथम मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। कार्यक्रम में 250 से अधिक छात्र-छात्राओं को जनरल मैनेजर डीआईसी योगेश पांडेय ने उद्यमिता के लक्षणों की पहचान कर अपनी समस्त ऊर्जा को उसी दिशा में लगाने की बात कही। एग्री कैफे स्टार्टअप की संस्थापक दीप्ति अरोरा ने छात्र छात्राओं के साथ अपने स्टार्टअप की यात्रा साझा की। क्षेत्र के सफल उद्यमी निखिल गुप्ता ने अपनी फैक्ट्री में अपने दायित्वों और होने वाले कार्यों में आने वाली कठिनाइयों पर चर्चा किया। उद्यमी और एनजीओ संचालक संजीव भटनागर ने कहा कि सभी को वास्तविक दुनिया में रहकर सोचना चाहिए, ताकि हम अपने आप को धोखा न दे सके। देवभूमि उद्यमिता योजना के प्रशिक्षक के रूप में डॉ. प्रकाश चन्द्र भट्ट ने उद्यमी बनने के लिए उद्यमी की तरह सोच विकसित करने पर बल दिया। वित्तीय ज्ञान संवर्धन के लिए एनएसई में कार्यरत अरविन्द खुराना ने विभिन्न सरकारी योजनाओं के साथ बीमा, शेयर मार्केट, निवेश के संबंध में जानकारी साझा किया। अन्त में छात्रों ने अपना बिजनेस आइडिया बताया। जिसका मूल्यांकन उद्यम के 5 महत्तवपूर्ण कसौटियों पर किया गया। कार्यक्रम में धन्यवाद ज्ञापन प्रो. पीएन तिवारी ने किया। इस अवसर पर देव भूमि उद्यमिता केन्द्र के नोडल प्रोफेसर पीएन तिवारी, सहायक नोडल डॉ. आशीष गुप्ता, प्रो. सर्वजीत सिंह, प्रो. पूनम रौतेला, प्रो. हेमलता सैनी, प्रो. मनोज पांडेय, डॉ. वीएच खान, डॉ. सुनील मौर्य, डॉ. रविन्द्र सैनी, डॉ. राजेश सिंह, डॉ. निर्मला जोशी व कॉलेज के समस्त प्राध्यापकों व शिक्षणेत्तर कर्मचारियों ने अपना योगदान दिया।






# यातायात नियमों की दी जानकारी

टनकपुर (उद संवाददाता)उद संवाददाता।34वें राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत चम्पावत पुलिस द्वारा राजकीय इण्टर कॉलेज टनकपुर में छात्रों को यातायात नियमों की जानकारी दी गयी। थाना टनकपुर क्षेत्रान्तर्गत राजकीय इण्टर कॉलेज टनकपुर के लगभग 450 छात्रों को यातायात के नियमों के प्रति जागरूक करते हुए यातायात के नियमों का पालन करने हुते कहां गया। दो पहिया वाहन चलाते समय हेल्मेट का प्रयोग करने, नशे में वाहन न चलाने, चार पहिया वाहन



में सीट बेल्ट का प्रयोग करने, मोड़ो पर हॉर्न का प्रयोग करने व रात्री में वाहन चलाते समय डीप्पर का प्रयोग करने हेतु अपील की गयी। साथ ही साथ अपने आस-पड़ोस व परिजनों को भी यातायात के नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित करने हेतु कहा गया। इस दौरान टीम में वरिष्ठ उपनिरीक्षक बी0एस0 बिष्ट, हेड कांस्टेबल रामलाल, कांस्टेबल रमेश काण्डपाल आदि शामिल थे।

# कोलम्बस में राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर कार्यशाला आयोजित

रूद्रपुर( उद संवाददाता)। मॉडल कॉलोनी स्थित शहर के प्रतिष्ठित कोलम्बस पब्लिक स्कूल में सी0बी0 एस0ई0 क्षेत्रीय कार्यालय देहरादून द्वारा शिक्षकों के लिए राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 पर आधारित एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में बतौर मुख्य वक्ता पधारी लिटिल स्कॉलर्स सीनियर सेकेण्डरी स्कूल, काशीपुर की प्रधानाचार्या श्रीमती शिखा गौतम का विद्यालय के प्रबंध निदेशक मनोज कुमार खेड़ा व प्रधानाचार्य मनोज कुमार ने दुशाला ओढ़ाकर व पुष्पगुंच्छ भेंट कर उनका औपचारिक स्वागत किया। तत्पश्चात् दीप प्रज्ज्वलन के साथ विद्यालय के गायन समूह के छात्र–छात्राओं द्वारा स्वागत गीत की मनमोहक प्रस्तुति देकर कार्यशाला का शुभारम्भ किया गया। दिवसीय इस कार्यशाला में बाजपुर, गदरपुर, किच्छा व रूद्रपुर सहित जिले भर के अन्य विभिन्न शहरों के सी0बी0एस0ई0 से सम्बद्ध विद्यालयों के 59 शिक्षक– शिक्षिकाओं ने प्रतिभाग किया। कार्यशाला में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 से सम्बन्धित कई महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्रदान की गईं साथ ही विभिन्न क्रियाकलापों के माध्यम से क्षमता संवर्द्धन के विभिन्न गुर सिखाए गए। कार्यशाला के दौरान क्षमता संवर्द्धन की महत्ता एवं पब्लिक स्कूलों की स्कूली शिक्षा के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की गई। कार्यशाला की मुख्य वक्ता श्रीमती शिखा गौतम जी ने अपने उद्बोधन में व्यावसायिक व कौशल शिक्षा की उपयोगिता तथा क्षमता संवर्द्धन के विभिन्न पहलुओं के साथ–साथ राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 पर विस्तृत चर्चा करते हुए छात्रहित में उनकी महत्ता पर प्रकाश डाला। साथ ही उन्होंने सभी प्रतिभगियों से विद्यालय स्तर पर नई शिक्षा नीति लागू करने की अपील की। कार्यशाला के दौरान विद्यालय के प्रबंध निदेशक मनोज कुमार खेड़ा ने अपने उद्बोधन में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 पर संक्षिप्त प्रकाश डालते हुए इसे वर्तमान में शिक्षा के क्षेत्र में एक नई क्रांति बताया। कार्यशाला के अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य मनोज कुमार ने कार्यशाला को सफल बनाने के लिए मुख्य वक्ता श्रीमती शिखा गौतम जी व उपस्थित सभी प्रतिभागियों की सक्रिय भागीदारी की सराहना की। विद्यालय की उपप्रधानाचार्या डॉ0 कामेश मित्तल ने धन्यवाद प्रस्ताव प्रेषित कर कार्यशाला का समापन किया।





## दीक्षांत समारोह में नानकमत्ता की छात्रा महिमा को मिला गोल्ड मेडल

नानकमत्ता( उद संवाददाता)। कुमाऊँ विश्वविद्यालय नैनीताल के दीक्षांत समारोह में श्री गुरूनानक देव स्नातकोत्तर महाविद्यालय, नानकमत्ता साहिब की शैक्षणिक सत्र 2022–2023 में बीए षष्ठम सेमेस्टर उत्तीर्ण छात्रा महिमा कनौजिया को गौरा देवी




गोल्ड मेडल व कुलपति गोल्ड मेडल प्राप्त हुआ है। महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक, बीएड विभाग गोपाल सिंह को विद्यावाचस्पति की उपाधि के साथ–साथ राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण करने तथा सहायक प्राध्यापक, हिंदी विभाग सुश्री किरन को विद्यावाचस्पति की उपाधि मिलने पर महाविद्यालय संरक्षक बाबा तरसेम सिंह, प्राचार्य डॉ. सीता मेहता, प्रबंधक डॉ. मनिंदर सिंह गुलाटी, बीएड विभागाध्यक्षा डॉ. इंदु बाला, सुश्री अमृतपाल कौर समेत महाविद्यालय परिवार ने बधाई दी तथा सभी ने गोल्ड मेडल विजेता छात्रा महिमा कनौजिया उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्राचार्य डॉ. सीता मेहता ने बताया कि अब तक महाविद्यालय के 11 मेधावी छात्र–छात्राओं को विश्वविद्यालय स्तर पर गोल्ड मेडल प्राप्त हो चुके हैं।

## अयोध्या आंदोलन से जुड़ना गर्व की बात: वेद

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। करीब पांच सौ वर्ष के लम्बे इंतजार के बाद आखिरकार अयोध्या में राम मंदिर का सपना साकार हो रहा है। राम मंदिर के लिए चले आंदोलन में रूद्रपुर शहर से भी कई राम भक्तों ने बढ़ चढ़कर भागीदारी की। इन्ही राम भक्तों में एक नाम भाजपा नेता वेद ठुकराल का भी है। पुरानी यादों को ताजा करते हुए वेद ठुकराल ने बताया कि 90 के दशक मे अयोध्या आंदोलन चरम पर था। आंदोलन मे तराई वासियों की भी मुख्य भूमिका थी। मुलायम सिंह के अत्याचारों से दो–दो हाथ रोज ही करने पड़ते थे। यही कारण है जो आज पहाड़ पर मुलायम सिंह का नाम लेवा नही है। वेद ठुकराल के मुताबिक अयोध्या आंदोलन के प्रणेता स्व0 अशोक सिंघल का तराई मे अक्सर प्रवास रहता था। आंदोलन का




मुख्य केंद्र रुद्रपुर था, जहां से आंदोलनकारियो की फौज निकलती थी। संतों की नगरी हरिद्वार से धर्म संसद के लिए संतों को इकठ्ठा करके ले जाना और उन्हें सम्मान पूर्वक वापिस पहुंचाने का कार्य उन्होंने राजेंदर बजरंगी के साथ कई बार किया। ठुकराल के मुताबिक 6 दिसंबर की कारसेवा जिस धर्म संसद में तय हुई वो धर्म संसद दिल्ली में हुई थी। जहा संघ के प्रवक्ता राम माधव जी से भेंट हुई। जब 6 दिसंबर को ढांचा ढहा तो रुद्रपुर से 6 कारसेवकों का ग्रुप अयोध्या पहुंचा था। जिनमें ओम प्रकाश ठुकराल, राजेंदर बजरंगी, संदीप धीर, रमेश जिंदल एवं 2 अन्य कारसेवक थे। श्री ठुकराल ने कहा कि आंदोलन से लम्बे समय तक जुड़े रहना मेरे लिए गर्व की बात थी। 90 के दशक मे वह उद्योग मंत्रालय में कनिष्ठ अधिकारी थे। सरकारी पहचान पत्र होने के कारण अयोध्या आने जाने में रूकावट नही होती थी। जगह जगह संतों के कार्यक्रम लगाकर जन जागरण का काम करने का जो भी आदेश प्राप्त होता था उसे हम बखूबी निभाते थे।

## प्रभारी मंत्री ने किया फेन एण्ड पैड पॉलीहाउस का उद घाटन

रुद्रपुर( उद संवाददाता)। कृषि, कृषक कल्याण, सैनिक कल्याण, एवं ग्राम्य विकास विभाग उत्तराखंड एवं जनपद प्रभारी मंत्री गणेश जोशी ने जिला योजना अंतर्गत वित्त पोषित जनपद के उत्तराखंड ग्राम्य विकास एवं पंचायती राज संस्थान में कृषकों को हाइड्रोपोनिक विधि से प्रशिक्षण हेतु 8 लाख की लागत से बने उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग द्वारा स्थापित फेन एण्ड पैड पॉलीहाउस का उदघाटन किया। उन्होंने कहा कि हाइड्रोपोनिक विधि से बने इस पॉलीहाउस में जल के एक–एक बूँद का सही इस्तेमाल किया जाता है। इस पॉलीहाउस में हम बेमौसमी सब्जी–फल भी उगा सकते हैं। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने तय किया है कि पूरे प्रदेश के अन्दर 50 हजार से अधिक पॉली हाउस लगाने वाले हैं। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार का संकल्प है कि 2025 में जब हमारा राज्य 25 साल का होगा तब उद्यान, मिलट्स के क्षेत्र में हम अपने उत्पाद को दोगुना करेंगे। ऐसे में इन योजनाओं की अपनी अलग महत्त्वता हैं।इस अवसर पर जिलाध्यक्ष भाजपा कमल जिन्दल, जिला महामंत्री भाजपा अमित नारंग, निदेशक यूआइआरडी आरडी पालीवाल, परियोजना निदेशक हिमांशु जोशी, उप जिलाधिकारी मनीष बिष्ट, मुख्य कृषि अधिकारी अजय कुमार वर्मा, मुख्य उद्यान अधिकारी भावना जोशी, सहायक निदेशक मत्स्य संजय छिमवाल सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद थे।




## संयुक्त व्यापारी संघर्ष समिति का धरना प्रदर्शन जारी

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। सौंदर्यीकरण के नाम पर मुख्य मार्ग के दोनों ओर पिछले कई वर्षों से व्यापार कर रहे व्यापारियों को प्रशासन द्वारा उजाड़े जाने के विरोध में संयुक्त व्यापारी संघर्ष समिति का महिला हॉस्पिटल के सामने धरना प्रदर्शन जारी रहा। धरना प्रदर्शन में व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष विपिन गुप्ता ने कहा कि पांच दिन बाद भी जिला प्रसाशन का कोई अधिकारी व्यापारियों की बात सुनने नहीं पहुँचा। प्रशासन चाहता है कि व्यापारी समाज टूट जाये लेकिन व्यापारियों को अपने धैर्य को बनाये रहना होगा। ये लड़ाई अवश्य जीतेंगे। प्रान्तीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के नगर अध्यक्ष और संघर्ष समिति के संयोजक योगेश शर्मा ने कहा कि अब वो समय आ गया है कि आर –पार की लड़ाई करनी होगी। प्रशासन हमारे धैर्य का इम्तिहान ले रहा है। लेकिन जल्द ही यह इसी प्रशासन को भारी पड़ेगा। जब व्यापारियों की रोजी रोटी पे आएगी तो वो बर्दाश्त नहीं हो पायेगी। व्यापारी नेता धर्म प्रकाश यादव ने कहा कि व्यापारियों ने कोई भी लड़ाई लड़ी और वो हारी हो ये संभव नहीं। व्यापारी समाज पहले आसानी से अपनी दुकानों से हिलता नहीं है और हिल गया फिर हर लड़ाई को अंजाम पहुचाने तक बैठता नहीं है। धरना प्रदर्शन में व्यापारी नेता रूपेंद्र नागर, सौरभ भट्ट, मनोज जायसवाल, गौरव गुप्ता, उपेंद्र कनवाल, संदीप सक्सेना, किरन जोशी, कुसुम जोशी, प्रियांशी, विजय बिष्ट, आशु जोशी, विनय विरमानी,कनिष्क धींगरा, श्याम दत्त जोशी, अशोक कुमार, भोला शंकर, प्रमोद बेलवाल, विनोद रौतेला, सुशील गुप्ता, मनोज कालाकोटी,सहित व्यापारी उपस्थित थे।



## केंद्रीय मंत्री भट्ट ने दुर्गा मंदिर में चलाया स्वच्छता अभियान

रुद्रपुर( उद संवादाता)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्‌वान पर केंद्रीय रक्षा एव पर्यटन राज्यमंत्री अजय भट्ट एवं क्षेत्रीय विधायक शिव अरोरा ने संयुक्त रूप से कार्यकर्ताओं के साथ मुख्य बाजार स्थित दुर्गा मंदिर प्रांगण में व मूर्तियों के आस पास सफाई की। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री अजय भट्ट ने कहा कि पूरा देश राम के रंग में रंगा हुआ है चारो ओर देश मे भक्ति का वातावरण है। करोड़ों सनातनियों का सपना 22 जनवरी को रामलला के अयोध्या स्थित राम मंदिर में विराजमान होकर पूरा होने को हैं। प्रधानमंत्री मोदी के आह्‌वान पर पूरे देश के मंदिरों में पार्टी कार्यकर्ता स्वच्छता अभियान चला रहे हैं। उन्होंने कहा हम सभी के लिये गौरव की बात है कि 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों होने जा रही है , जिसका इतंजार करोड़ो रामभक्त 500 साल से कर रहे थे। इस दौरान जिलाध्यक्ष कमल जिंदल, विवेक सक्सेना, वेद ठुकराल, योगेश वर्मा, मनोज मदान, अमित नारंग, राजेद राठौड़, सुनील ठुकराल समेत अन्य लोग मौजूद रहे।




## राम मंदिर बनने पर मंदिरों में 1001 दीप जलायेंगी मीना शर्मा

रूदपुर( उद संवाददाता)। उत्तराखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्रीमती मीना शर्मा ने कहा कि श्री राम मंदिर के भव्य अभिषेक और प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के तहत वह रुद्रपुर में विभिन्न बस्तियों में स्थापित मंदिरों में 1001 दिए प्रज्वलित कर भगवान श्री राम को समर्पित करेंगी। उन्होंने कहा कि वह कार्यक्रम के तहत 21 जनवरी को प्रात: 10 बजे शिव मंदिर स्थित हनुमान मंदिर में हनुमान चालीसा और 22 जनवरी को शाम 3 बजे ट्रांजिट कैंप स्थित दुर्गा मंदिर से मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम की भव्य शोभा यात्रा का आयोजन करेंगी। उन्होंने कहा कि भगवान श्री राम देश के करोड़ों लोगों के आराध्य हैं, वह हमारे कण कण में विद्यमान है, उन्होंने कहा कि भगवान श्री राम ने जात–पात, ऊंच नीच, छुआ छूत, और भेदभाव से ऊपर उठकर समाज के लिए कार्य किया, और समाज को एक नई दिशा प्रदान की, जिस पर हम सभी को चलने की आवश्यकता है स श्रीमती शर्मा ने कहा कि उन्होंने नगरपालिका अध्यक्ष रहते रुद्रपुर बस स्टेशन के पास स्थित रामलीला ग्राउंड,रम्पुरा स्थित 84 घंटा शिव मंदिर रामलीला मंच,इंदिरा कॉलोनी स्थित रामलीला मैदान,भूत बंगला स्थित रामलीला मैदान में लाखों रुपयों की लागत से मुख्य द्वार,कलाकारों के लिए कमरे,मैदान में टाइल फर्श,कलाकारों और आमजन के लिए टॉयलेट,बनवाए । जिससे धार्मिक कार्यों में लगी इन संस्थाओं को मदद मिल सके।

## उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय
सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

### बच्चों के पाठ पढ़ने की क्षमता

शिक्षा का अधिकार कानून बना तो भरोसा जगा था कि न सिर्फ सभी बच्चों तक पढ़ाई-लिखाई की सुविधा का विकास होगा, बल्कि इसके स्तर में भी सुधार होगा। मगर पिछले कुछ वर्षों से शिक्षा संबंधी वार्षिक रिपोर्ट में यह तस्वीर कुछ निराशाजनक ही देखी जा रही है। प्राथमिक कक्षाओं के दाखिले में जरूर कुछ वृद्धि दर्ज हुई है, मगर चौदह साल से अधिक उम्र के बच्चों के बीच में पढ़ाई छोड़ने की दर पर काबू पाना कठिन बना हुआ है। सबसे चिंताजनक स्थिति है कि बच्चों में बुनियादी पाठ तक पढ़ पाने की क्षमता का विकास नहीं हो पा रहा। शिक्षा की ताजा वार्षिक रिपोर्ट में बताया गया है कि चौदह से अठारह वर्ष आयुवर्ग के करीब सतासी फीसद बच्चे शैक्षणिक संस्थानों में पंजीकृत हैं, मगर उनमें से पच्चीस फीसद छात्र अपनी क्षेत्रीय भाषाओं में कक्षा दो के स्तर की पाठ्य सामग्री भी धाराप्रवाह नहीं पढ़ पाते। गौरतलब है कि शिक्षा संबंधी वार्षिक रिपोर्ट ग्रामीण क्षेत्रों में पढ़ाई-लिखाई के स्तर का मूल्यांकन करने के मकसद से तैयार की जाती है। इसमें मुख्य रूप से बच्चों के पंजीकरण, पाठ पढ़ने और बुनियादी अंकगणित की क्षमता का आकलन किया जाता है। इन सभी स्तरों पर चिंताजनक स्थिति है। सबसे अधिक चिंता चौदह से अठारह वर्ष आयुवर्ग के बच्चों की शिक्षा के स्तर को लेकर जताई गई है। इस आयुवर्ग के बत्तीस फीसद से अधिक बच्चे किसी शैक्षणिक संस्था में पंजीकृत नहीं हैं। जो पंजीकृत हैं, उनमें से ज्यादातर की सीखने और कौशल विकास की क्षमता काफी कमजोर है। इस आयुवर्ग की लड़कियों के पंजीकरण में काफी गिरावट नजर आई है। इसकी कुछ वजहें स्पष्ट हैं। अधिकतर बच्चों के बीच में पढ़ाई छोड़ने का बड़ा कारण परिवार की आर्थिक स्थिति ठीक न होना रहा है। उसके बाद स्कूलों की स्थिति ठीक न होना, उनमें बुनियादी सुविधाओं का अभाव आदि अनेक कारण हैं। हालांकि रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि कोविड के बाद बहुत सारे निजी स्कूलों के स्थायी रूप से बंद हो जाने और लोगों की वित्तीय स्थिति ठीक न होने की वजह से बड़ी संख्या में बच्चे सरकारी स्कूलों में वापस लौटे हैं। मगर वहां उन्हें फिर उन्हीं स्थितियों का सामना करना पड़ रहा है, जो दस-बारह साल पहले करना पड़ता था। यानी शिक्षा के स्तर में गिरावट आई है। इस तरह युवाओं में कौशल विकास का संकल्प एक बड़ी चुनौती लगता है। ग्रामीण क्षेत्रों में सरकारी स्कूलों की दशा को अनेक अध्ययनों में चिंता जाहिर की जाती और उन्हें सुधारने के सुझाव दिए जाते रहे हैं। मगर राज्य सरकारें इस तरफ अब तक गंभीर नजर नहीं आतीं। बहुत सारे स्कूलों में छात्रों के अनुपात में अध्यापक तो दूर, एक या दो अध्यापकों से काम चलाना पड़ता है। कई राज्यों ने अध्यापकों की कमी दूर करने के लिए अनुबंध आधार पर पैरा शिक्षकों की भर्ती का रास्ता अख्तियार कर लिया है। नियमित अध्यापकों को विभिन्न सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में लगा दिया जाता है। इस तरह अध्यापकों को जितना ध्यान विद्यार्थियों को पढ़ाने और उनके व्यक्तित्व विकास पर देना चाहिए, वे नहीं दे पाते। नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति में पाठ्यक्रम का बोझ कम करने और विद्यार्थी की मूल प्रतिभा को निखारने, उसमें कौशल विकास कर रोजगार की ओर उन्मुख करने पर बल है। मगर जब बच्चे प्राथमिक स्तर की पुस्तकें पढ़ और अंकगणितीय समस्याएं सुलझा पाने में भी फिसड्डी साबित हो रहे हैं, तो उनसे नई शिक्षा नीति पर खरे उतरने की कितनी उम्मीद की जा सकती है।

# उत्तराखण्ड के सीमावर्ती क्षेत्रों में किया जा रहा अभूतपूर्व विकास : राजनाथ सिंह





चमोली (उद संवाददाता)। केंद्रीय रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को जमोली जनपद के जोशीमठ बार्डर पर मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी की उपस्थिति में सीमांत क्षेत्र जोशीमठ ढाक से बीआरओ द्वारा 670 करोड़ की लागत से निर्मित 35 इंफ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं का उद्घाटन किया। इसमें सात राज्यों की 6 सड़कें और 29 पुल शामिल हैं। रक्षा मंत्री ने जिन परियोजनाओं का उद्घाटन किया उनमें उत्तराखण्ड में भारत चीन सीमा को जोड़ने वाले जोशीमठ-मलारी मार्ग पर ढाक ब्रिज, भापकुंड ब्रिज और सुमना-रिमखिम मोटर मार्ग पर रिमखिम गाढ ब्रिज शामिल हैं। इस अवसर पर रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह ने कहा कि सीमा क्षेत्र में सड़क निर्माण के लिए उत्तराखण्ड सरकार और स्थानीय प्रशासन ने सराहनीय कार्य किए हैं। इस दौरान मुख्यमंत्री श्री धामी ने कहा कि उत्तराखण्ड के सीमावर्ती क्षेत्रों में अभूतपूर्व विकास कार्य हुए हैं। मुख्यमंत्री श्री धामी ने रक्षा मंत्री का स्वागत एवं अभिनंदन करते हुए सीमांत क्षेत्रों की विकास परियोजनाओं के लोकार्पण पर आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के मार्गदर्शन में उत्तराखण्ड को आगे बढाने का काम तेजी से किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में राज्य के सामरिक, धार्मिक व पर्यावरणीय महत्व को समझते हुए बड़ी परियोजनाओं पर काम शुरू किया गया है। रक्षा मंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि भारत की सीमाओं की रक्षा के लिए हम सभी को मिलकर काम करना होगा। इसमें हमें सबका सहयोग मिल रहा है। रक्षा मंत्री ने बीआरो की सराहना करते हुए कहा कि किसी परियोजना को समय पर पूरा करना बीआरो की प्रतिबद्धता के कारण ही संभव हुआ है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार सीमावर्ती क्षेत्रों को मुख्यधारा का हिस्सा मानती है। एक समय था जब सीमा पर बुनियादी ढांचे के विकास को ज्यादा महत्व नहीं दिया जाता था। ये सोच आज बदल गई है। प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में हमारी सरकार सीमावर्ती क्षेत्रों के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर पूर्व मुख्यमंत्री एवं सांसद श्री तीरथ सिंह रावत, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री महेन्द्र भट्ट, कर्णप्रयाग विधायक श्री अनिल नौटियाल, थराली विधायक श्री भूपाल राम टम्टा, जिला अध्यक्ष श्री रमेश मैखुरी, बीकेटीसी उपाध्यक्ष श्री किशोर पंवार समेत अन्य लोग उपस्थित रहे।

## केंद्रीय रक्षा मंत्री ने किया बीआरओ द्वारा निर्मित किये गये सात राज्यों की 6 सड़कें और 29 पुलों का उद्घाटन



# सचिवालय में 15 दिवसीय आयुष्कामीय आयुष स्वास्थ्य शिविर का हुआ शुभारंभ

देहरादून (उद संवाददाता)। अपर मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी ने शुक्रवार को सचिवालय में 15 दिवसीय आयुष्कामीय आयुष स्वास्थ्य शिविर का शुभारंभ किया। स्वास्थ्य शिविर में मर्म चिकित्सा, लीच थैरेपी, अग्निकर्म, पंचकर्म, आयुर्वेदिक न्यूरो थैरेपी की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी व नियमित योग सत्र का आयोजन किया जाएगा। इसके अलावा शिविर में योग ब्रेक प्रोटोकॉल का प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। शिविर में निजी क्षेत्र में कार्य कर रहे चिकित्सकों द्वारा भी कैंसर, डायबिटीज रिवर्सल, हृदय रोग, गुदा रोग, क्षार सूत्र संबंधी परामर्श व निशुल्क जांच की सुविधा भी प्रदान की जाएगी। साथ ही स्वास्थ्य उन्नयन हेतु विभिन्न विषयों पर विशेषज्ञों द्वारा व्याख्यान दिए जाएंगे। इस अवसर पर सचिव आयुष डॉ. पंकज कुमार पाण्डेय, अपर सचिव डॉ. विजय जोगदण्डे, डॉ. अरुण कुमार त्रिपाठी, राज्य औषधि अनुज्ञापन अधिकारी डा. मिथिलेश कुमार सहित आयुष विभाग के अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे। देश की प्रथम योग पॉलिसी पर विचार-विमर्श हेतु सचिवालय में आयुष विभाग द्वारा बैठक आयोजित की गई। जिसमें देश भर के योग विशेषज्ञों तथा योग संबंधी पॉलिसी मेकर्स को आमंत्रित किया गया। इस बैठक में 30 से अधिक योग विशेषज्ञों ने योग पॉलिसी पर अपने विचार साझा किए। विशेषज्ञों ने बताया कि उत्तराखण्ड का योग और ध्यान की प्राचीन पद्धति के साथ गहराई से जुड़ाव है। उत्तराखण्ड समृद्ध इतिहास के साथ ही सदियों से आध्यात्मिक और योगिक अन्वेषण का केंद्र रहा है। देवभूमि में योग का अद्वितीय सांस्कृतिक महत्व है। बैठक में बताया गया कि उत्तराखण्ड में अनेकों योग आश्रम और आध्यात्मिक केंद्र हैं जो योग परंपराओं के प्रचार और प्रसार एवं संरक्षण संवर्धन में योगदान दे रहे हैं। उत्तराखण्ड अपनी अंतर्निहित योग संस्कृति के साथ ही योग के सार को बढ़ावा देने का गवाह बना है। बैठक में आयुष विभाग द्वारा जानकारी दी गई कि योग को शिक्षा प्रणाली में शामिल करने का प्रयास किया जा रहा है। इस अवसर पर सचिव आयुष डॉ. पंकज कुमार पाण्डेय, अपर सचिव डॉ. विजय जोगदण्डे, प्रसार भारती के पूर्व सी.ई.ओ. डॉ. मयंक अग्रवाल, परमार्थ निकेतन से डॉ. वाचस्पति सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।



# मुख्यमंत्री आवास में किया सुन्दरकांड पाठ एवं भव्य श्रीराम संध्या का आयोजन

देहरादून (उद संवाददाता)। श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर आज मुख्यमंत्री आवास में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह एवं मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी की उपस्थिति में सुन्दरकांड पाठ एवं भव्य श्रीराम संध्या का आयोजन किया गया। इस अवसर राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री ने स्वयं भी सपरिवार सुंदरकांड का पाठ किया तथा भगवान श्री राम की आरती कर आशीर्वाद प्राप्त करने के साथ प्रदेश की खुशहाली एवं प्रदेशवासियों के मंगलमय जीवन की कामना की। श्री राम संध्या में भजन गायिका स्वाति मिश्रा एवं श्री विवेक नौटियाल की टीम द्वारा प्रस्तुत किए गए सुन्दरकांड के सस्वर पाठ व भजनों से पूरा वातावरण राम मय तथा सभी लोग श्रीराम की भक्ति में मंत्रमुग्ध नजर आए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री धामी ने कहा कि आगामी 22 जनवरी को रामलला अयोध्या में विराजमान होने जा रहे हैं और यह ऐसा अवसर है, जिसके लिए हमने वर्षों इंतजार किया। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने सभी देशवासियों को रामोत्सव मनाने का सुअवसर प्रदान किया है। मुख्यमंत्री ने सभी प्रदेशवासियों से 22 जनवरी को दीप जलाकर भगवान श्री राम का स्मरण कर दीपोत्सव मनाने का भी आह्वान किया। उन्होंने कहा कि प्रभु श्री राम ने जगत कल्याण के लिए मानव रूप में अवतार लिया और सच्चरित्र मनुष्य का जीवन कैसा होना चाहिए, इसका उदाहरण प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन महानिदेशक सूचना श्री बंशीधर तिवारी ने किया। इस अवसर पर पूर्व मुख्यमंत्री एवं राज्यपाल श्री भगत सिंह कोश्यारी, कैबिनेट मंत्री श्री प्रेमचंद अग्रवाल, श्री गणेश जोशी, श्रीमती रेखा आर्य, सहित अनेक विधायकगण, दायित्वधारी, जनप्रतिनिधि व समाजसेवी उपस्थित रहे।





# शक्तिफार्म से अयोध्या चलेगी बस

शक्ति फार्म (उद संवाददाता)। शक्तिफार्म से अयोध्या के लिए 21 जनवरी से प्रतिदिन रोडवेज बस सेवा शुरू होगी। कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा शक्तिफार्म से अयोध्या के लिए बस को रवाना करेंगे। रुद्रपुर रोडवेज डिपो के एआर एम कृष्ण कुमार राणा ने बताया कि 21 जनवरी को रुद्रपुर डिपो से रोडवेज बस प्रातः 8 बजे रवाना होगी तथा 10बजे शक्ति फार्म पहुंचेगी। जिसके बाद कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा शक्ति फार्म से बस को अयोध्या के लिए रवाना करेंगे। एआरएम ने बताया कि रोडवेज की बस प्रतिदिन प्रातः 8 बजे रुद्रपुर से चलेगी तथा किच्छा, शक्ति फार्म ,सितारगंज, अमरिया, पीलीभीत, पूरनपुर ,गोला, लखीमपुर रुट होते हुए अयोध्या पहुंचेगी। शक्ति फार्म से रोडवेज बस सेवा शुरू होने से क्षेत्र के लोग 22 जनवरी को अयोध्या में भगवान श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा में अयोध्या पहुंच सकेंगे तथा आगे भी दर्शन के लिए जा सकेंगे।

# हनुमान धाम से जगन्नाथ पुरी छोई मोटर मार्ग का डामरीकरण करने के निर्देश

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। केंद्रीय रक्षा एवं पर्यटन राज्य मंत्री व नैनीताल उधम सिंह नगर संसदीय क्षेत्र से सांसद श्री अजय भट्ट ने रामनगर छोइ स्थित श्री हनुमान धाम से जगन्नाथ पुरी छोई मोटर मार्ग 500 मीटर के डामरीकरण खनन न्यास से किए जाने को लेकर जिलाधिकारी को पत्र लिखा है। केंद्रीय मंत्री श्री भट्ट ने अवगत कराया है कि श्री हनुमान धाम, धार्मिक एवं आस्था का केन्द्र है, जहां पर अत्यधिक संख्या में श्रद्धालु दर्शन एवं पूजा-अर्चना हेतु आते-जाते रहते है। वर्तमान में अयोध्या धाम प्राणप्रतिष्ठा के उपलक्ष में श्री हनुमान धाम में तीन दिवसीय महोत्सव 20, 21 एवं 22 जनवरी, 2024 को किया जा रहा है, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं का आवागमन होने की संभावना है। लिहाजा जनहित को मद्देनजर रखते हुए उपरोक्त मोटर मार्ग का निर्माण खनन न्यास मद से करना सुनिश्चित किया जाना आवश्यक है।

# हल्द्वानी तहसील में आकाशवाणी के एफ एम रिले केंद्र का वर्चुअल शुभारंभ

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा नैनीताल जिले के हल्द्वानी में बनाए गए प्रसार भारती के आकाशवाणी के 10 किलो वाट के एफ एम रिले केंद्र को वर्चुअल माध्यम से देश को समर्पित किया। हल्द्वानी के तहसील परिसर में स्थापित 10किलोवाट के एफ एम ट्रांसमीटर से लोग आकाशवाणी के कार्यक्रमों को सुन पाएंगे। नैनीताल में 100वॉट के एफ एम ट्रांसमीटर को 1किलोवाट का बनाया जा रहा है जिसका भी आज प्रधानमंत्री द्वारा शिलान्यास किया गया। समारोह में डी एस नेगी कोषाधिकारी, तकनीकी प्रमुख एस एस मेहरा, कार्यक्रम प्रमुख आकाशवाणी अल्मोडा रमेश चन्द्रा , गीतेश त्रिपाठी , जय श्री पाण्डे , महेश प्रसाद, सी पी जोशी, ए के डोले, एन एस रावत, के के सिंह, जे पी चमोली उपस्थित रहे।

# वाद विवाद प्रतियोगिता में रोहित भुसरी प्रथम

गदरपुर(उद संवाददाता)। पंतनगर के सभागार में विवेकानंद स्वाध्याय मंडल के तत्वाधान में उद्भव इंटर यूनिवर्सिटी डीबेट (वाद-विवाद) प्रतियोगिता में एस.एस.पब्लिक स्कूल ने सीनियर ग्रुप में रोहित भुसरी ने प्रथम स्थान प्राप्त करके विद्यालय का नाम रोशन करते हुए अपने माता-पिता एव शिक्षकों का भी सम्मान बढ़ाया। डिबेट का मुख्य विषय (उपयुक्त ज्ञान की आवश्यकता सोशल मीडिया से कभी पूरी नही हो सकती है।) जिसमें रोहित ने उच्च स्तर का प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। विद्यालय की टीम का मार्ग दर्शन श्रीमती काजल अरोरा,श्री काशिफ खान एव श्री जगदीश चन्द्र द्वारा किया गया । विद्यालय के चौयरमैन श्री डी.पी.सिंह एवं सचिव श्री अभिषेक प्रताप सिंह ने इस उपलब्धि पर पूरी टीम को बधाई दी और बच्चों को आशीर्वाद दिया । विद्यालय के प्रधानाचार्य स. परविंदर सिंह ने पूरी टीम को बधाई एवं शुभकामनाएं दी तथा जो छात्र स्थान प्राप्त नही कर पाये उनका मनोबल बढ़ाते हुए भविष्य में अधिक मेहनत करके उच्च स्थान प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। प्रधानाचार्य ने टीम का मार्गदर्शन करने वाले श्रीमती काजल अरोरा,श्री काशिफ खान एवं जगदीश चंद्र को और अधिक से अधिक बच्चों को भविष्य में इस तरह की प्रतियोगिताओं के लिए तैयार करने के लिए प्रेरित किया।




# इंस्पिरेशन स्कूल में खेलकूद प्रतियोगिताएं आयोजित

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। इंस्पिरेशन पब्लिक स्कूल में तीन दिवसीय वार्षिक खेल-कूद महोत्सव का आयोजन हुआ। खेलों का औपचारिक शुभारम्भ विद्यालय की चेयरपर्सन डॉ0 गीतिका बल्यूटिया, प्रधानाचार्य अनुराग माथुर व उप-प्रधानाचार्या श्रीमती ममता तनेजा ने रंग-बिरंगे गुब्बारों को उड़ाकर किया। चेयरपर्सन डॉ0 गीतिका बल्यूटिया ने सभी प्रतिभागियों को खेल नियमों का पालन करते हुए खेलने के लिए कहा व सभी को शुभकामनाएँ दीं। कार्यक्रम की शुरूआत मार्च पास्ट से हुई जिसमें रेड हाउस, ग्रीन हाउस, येलो हाउस व ब्लू हाउस ने भाग लिया। तत्पश्चात स्पोर्टस वाइस कैप्टन लक्षिता देउपा व आयुष्मान रावत ने खेल प्रतिभागियों को खेल शपथ दिलाई। कार्यक्रम में ड्रिल्स डॉस योगा की विभिन्न मुद्राओं, आसनों व तायक्वांडो एक्ट ने सभी को अचंभित कर दिया। कक्षा नर्सरी से कक्षा नौ तक के विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लिया। जिसमें 50 मी0 दौड़, हर्डल रेस, ऐम योर टारगेट, पिंग पोंग, रिंग रेस, बॉल थ्रो, 100 मी0 दौड़, कैप द कोन रेस, शौट पुट, डिस्कस थ्रो, रिले रेस आदि थे।अंत में विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजयी रहे प्रतिभागियों को पुरूस्कृत किया। इस समारोह में प्रधानाचार्य श्री अनुराग माथुर ने भी सभी प्रतिभागियों को बधाई दी व उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



# कश्मीरी पंडितों की वापसी शीघ्र हो: डा.महाजन

गदरपुर(उद संवाददाता) । सन् 1990 में कश्मीर घाटी में अपनी मातृभूमि छोड़ने को मजबूर कश्मीरी पंडितों की घाटी में पुन: ससम्मान वापिसी को लेकर केन्द्र सरकार से एकम सनातन भारत दल के प्रदेश उपाध्यक्ष डा.आरके महाजन ने कार्यकताओ को सम्बोधित करते हुए मांग की। नवगठित एकम सनातन भारत दल के कार्यकर्ता स्थानीय कार्यालय पर एकत्र हुए। सर्वप्रथम कार्यकर्ताओं ने19 जनवरी1990 में कश्मीर घाटी में आतंकवादियों द्वारा मारे गये कश्मीरी हिन्दुओं को श्रद्धांजलि दी। इस नरसंहार की जानकारी देते हुए डा.महाजन ने कहा,यह देश का दुर्भाग्य है कि हिन्दू बाहुल्य भारत देश में बार-बार हिन्दुओ को ही निशाना बनाया जाता रहा है । 19 जनवरी 1990 का पाकिस्तान समर्थित आतंकवादियों ने कश्मीर में यह घोषणा करायी कि जितने भी हिन्दू कश्मीर घाटी में रहते है, उनके पास केवल तीन विकल्प,घाटी छोड़कर भाग जायें,सभी हिन्दू ,मुसलमान बन जाएं या मरने के लिए तैयार रहें थे । इसके बाद मस्जिदों व अन्य साधनों से घोषणा की गयी तथा हिन्दुओं पर अत्याचार शुरू कर दिये गये। कई कश्मीरी हिन्दू हताहत हुए,कई लोग मारे गये। भय से 5 लाख कश्मीरी हिन्दुओं ने घाटी छोड़ दी तथा जम्मू व अन्य सुरक्षित स्थानों पर चले गये। उस समय वीपी सिह की सरकार थी तथा मोहम्मद सईद गृहमंत्री थे। 1990 से लेकर आज तक कश्मीरी हिन्दू घाटी में वापसी की बाट जोह रहे हैं लेकिन किसी भी सरकार ने कुछ नहीं किया। इस अवसर पर डा.आर.के.महाजन, गोपाल कश्यप,तेज रतन, अनिल ठाकुर, अमित ढींगरा, हरचरन चन्ना, अमर सिंह, राजकुमार नैय्यर आदि मौजूद रहे।



# बछड़े को जहरीला चारा खिलाकर मारा

काशीपुर(उद संवाददाता)। बछड़े को चारे में जहरीली वस्तु मिलाकर उसकी हत्या करने व विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर दम्पत्ति के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस अब मामले की जांच में जुटी है। न्यायालय को दिये प्रार्थना पत्र में आईटीआई क्षेत्रंतर्गत ग्राम दोहरी परसा निवासी संतोष देवी पत्नी बलविंदर सिंह ने बताया कि पशु पालकर अपने परिवार का पालन पोषण करती है। उसका देवर महेन्द्र सिंह व उसकी पत्नी संतोष आए दिन किसी न किसी बात पर उससे रंजिश करते रहते हैं। बीती 4 अक्टूबर की उसके अपने गाय के बछड़े को चारा खिलाकर उसे बांध दिया सुबह देखा तो बछड़ा मृत मिला। लोगोंद्वारा पता करने महेन्द्र व उसकी पत्नी ने चार में कुछ जहरीली वस्तु मिलाकर उसकी हत्या कर दी।

# विद्यालय प्रबन्ध कार्यकारिणी का गठन

शक्तिफार्म (उद संवाददाता)।जिला शिक्षा अधिकारी डी एस राजपूत के आदेश पर विभागीय पर्यवेक्षक बाल मुकुंद तिवारी की मौजूदगी में शक्ति शिशु उच्च प्राथमिक विद्यालय में आयोजित बैठक में सर्वसम्मति से विद्यालय प्रबंध समिति का गठन किया गया जिसमें अमल चन्द्र मंडल अध्यक्ष,माखन लाल मंडल उपाध्यक्ष, गोपाल सरकार प्रबन्धक, चितरंजन मिरवहर सहायक प्रबंधक, शांति राम भण्डार कोषाध्यक्ष एवं निरंजन मंडल, पंचानन मंडल, श्रीमती भारती सरकार ,कार्तिक राय, प्रियजीत राय, संजय सिंह, दिनेश चन्द्र दास सदस्य मनोनीत किए गए। दिनेश चन्द्र शर्मा (प्रधानाचार्य) पंकज कुमार राय एवं शिवदास मजूमदार (सहायक अध्यापक )नामित सदस्य चुने गये।

# किच्छा में विशाल शोभा यात्रा 22 को

किच्छा(उद संवाददाता)। राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में 22 जनवरी को किच्छा में विशाल शोभा यात्रा निकाली जायेगी। जानकारी देते हुए विधायक तिलक राज बेहड़ ने बताया कि 22जनवरी को अयोध्या में श्री राम मंदिर का भव्य उदघाटन के उपलक्ष्य में नव युवक कला केंद्र किच्छा द्वारा श्री राम जी की शोभा यात्रा दोपहर 3 बजे से पुरानी गल्ला मंडी से आरम्भ होकर नगर के मुख्य चौराहों से होते हुए आवास विकास जाएगी। बेहड़ ने कहा कि श्री राम जी की इस शोभा यात्रा का वह अपने साथियो के साथ गुरदयाल काम्प्लेक्स बठला अस्पताल के सामने स्वागत करेंगे और राम भक्तों को प्रसाद वितरित करेंगे।

# ठेकेदार पर मजदूरी हड़पने का आरोप

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। ठेकेदार पर मजदूरी हड़पने का आरोप लगाते हुए कुछ मजदूरों ने पुलिस से न्याय की गुहार लगाई है। गुड्डू, सुभाष, राहुल, विशाल, बेचेलाल निवासी आजादनगर वार्ड 7, ट्रांजिट कैम्प का कहना है कि उन्होंने ठेकेदार के अण्डर में दिसम्बर माह 2023, जनवरी माह 2024 में राजमिस्त्री लेवर का काम किया था। उक्त ठेकेदार पर हमारे 20 हजार रुपए आ रहे है। जब उक्त ठेकेदार से अपने कार्य के रूपये मांगे तो वह आज कल आज कल कहकर टाल दे रहा है और ज्यादा कहने पर बोल रहा है कि अगर दम है तो उससे रूपये ले लो तुम्हे एक रूपये भी नहीं दूंगा।

# तमंचा कारतूस सहित एक गिरफ्तार

गदरपुर। संदिग्धों के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के तहत थानाध्यक्ष भुवन चंद जोशी के नेतृत्व मे थाना गदरपुर पुलिस टीम ने चेकिंग के दौरान ग्राम पिपलिया नंबर 1 को जाने वाली सड़क पर पुलिया के पास गुलशन राजभर पुत्र ओमप्रकाश निवासी



प्रेम नगर थाना गदरपुर को 1 तमंचा 315 बोर और जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार कर लिया। पुलिस टीम में उपनिरीक्षक ओम प्रकाश, कांस्टेबल विमल शामिल रहे।

# नेत्रदान कर दो लोगों को रोशनी दे गये स्व.साईं दित्ता

गदरपुर(उद संवाददाता)। नगर के आवास विकास वार्ड न. 06 निवासी स्व. हरीश कुमार कुब्बा,जगदीश लाल कुब्बा,सुभाष कुमार कुब्बा,कृष्ण लाल कुब्बा,प्रवीण कुमार कुब्बा,राजेश कुमार उर्फ राजू कुब्बा के पिताजी एवं श्याम ठुकराल के ससुर साईं दित्ता कुब्बा का आकस्मिक निधन बुधवार को हो गया था। उनकी अंतिम इच्छानुसार परिवार ने नगर की नेत्रदान कराने वाली संस्था सोचो डिफरेंट से संपर्क किया। तत्पश्चात सी एल गुप्ता आई बैंक मुरादाबाद की टीम द्वारा सफलता पूर्वक नेत्रदान किए गए। स्व. साई दित्ता जाते जाते इस दुनिया में किन्ही दो लोगों के जीवन में रोशनी देते हुए नेत्रदान कर हमेशा हमेशा के लिए अमर हो गए। नगर की विभिन्न संस्थाओं ने दिवंगत श्री साई दत्ता कुब्बा जी को श्रद्धांजलि अर्पित की।



# विद्युत चोरी में दो के खिलाफ रपट

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। विद्युत विभागीय टीम द्वारा औचक निरीक्षण के दौरान विद्युत चोरी करते पकड़े गये दो भवन स्वामियों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कराया गया है। जानकारी के अनुसार अन्शुल मदान उपखण्ड अधिकारी विद्युत वितरण उपखण्ड रुद्रपुर प्रथम, हमराह कुलदीप सिंह अवर अभियन्ता मटकोटा, रोहित कश्यप लाईन कर्मी सर्तकता ईकाई कुमाँउ क्षेत्र हल्द्वानी के साथ चैकिंग कर रहे थे। इस दौरान आनन्द पुत्र हरस्वरुप निवासी शिवनगर, ट्रांजिट कैम्प तथा श्रीमती सन्तोष भारती पत्नी नरेश भारती निवासी शिवनगर थाना ट्रांजिट कैम्प के भवनों में केबल डालकर विद्युत चोरी करने के मामले पकड़े गये। मौके पर केबल जब्त कर ली गई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर दोनों भवन स्वामियों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## पेज एक का शेष...

**राम भक्ति में डूबा...**हनुमान चालीसा का पाठ किया। इससे पूर्व कार्यक्रम के तहत महानगर को विभाजित किये गये चार उप नगरों सुभाष उपनगर, दयानन्द उपनगर, भगत सिंह उपनगर तथा शिवाजी उपनगर क्षेत्र से हजारों की संख्या में रामभक्त प्रभु श्री राम का जयघोष करते हुए जुलूस के रूप में गांधी पार्क पहुंचे। सुभाष उपनगर के राम भक्त चामुंडा मंदिर में एकत्रित हुए, दयानन्द उपनगर के राम भक्त कटोरी देवी मंदिर प्रांगण में, भगत सिंह उपनगर के राम भक्त गल्ला मंडी में तथा शिवाजी उपनगर के राम भक्त सरस्वती शिशु मंदिर में एकत्रित होकर शोभा के रूप में विभिन्न मार्गों पर से होकर गुजरते हुए गांधी पार्क पहुंचे। चारों उपनगरों से हजारों रामभक्तों के गांधी पार्क पहुंचते ही सारा वातावरण प्रभु श्री राम के जयघोषों से गुंजायमान हो गया। गांधी पार्क में मंच पर विराजमान श्री दूधिया बाबा सन्यास आश्रम के स्वामी शिवानन्द जी महाराज, श्री बाला जी धाम काशीपुर रोड़ के महंत हरनाम जी,मंदिर मनकामेश्वर के स्वामी नारायण चैतन्य जी महाराज, श्री सिद्धेश्वर बाला जी धाम आदर्श कालोनी, के महंत रमेश वशिष्ठ जी, दिव्य ज्योति संस्थान, पंजाब के उमेशानन्द जी महाराज, इस्कान के सर्व मंगल गौड जी, भूरारानी श्री आनन्द आश्रम की बाई कंचन बहन जी, श्री तुलसीधाम मलसा गिरधरपुर के महंत राजेन्द्र जी, श्री बाला जी मंडल दिनेशपुर के महंत राजेन्द्र अग्रवाल जी, आदि संत महापुरूषों की मौजूदगी में आयोजन समिति द्वारा प्रभु श्री राम दरबार तथा भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित किया गया। जिसके पश्चात विभिन्न क्षेत्रों से आई एकल विद्यालय की छात्राओं द्वारा श्री हनुमान चालीसा का पाठ प्रारम्भ किया गया। जिनके साथ गांधी पार्क में उपस्थित हजारों रामभक्तों ने जय श्री राम के जयघोषों के साथ श्री हनुमान चालीसा का पाठ शुरू किया। समापन पर सभी को प्रसाद वितरित किया गया। इस दौरान विधायक शिव अरोरा, बलराज पासी, भारत भूषण चुघ, रामपाल सिंह, सुरेश परिहार, उत्तम दत्ता, विवेक सक्सेना, विकास शर्मा, कुटुम्ब प्रबोधन सयुंक्त क्षेत्र पूर्वी एवं पश्चिमी उत्तर प्रदेश के संयोजक ओमपाल, जिला प्रचारक जितेन्द्र, स्नेहपाल, आरएसएस के जिला कार्यवाह समरपाल सिंह, अशोक जायसवाल, अनिल चौहान, नेत्रपाल मौर्य, आशीष छावड़ा, विनय बत्रा, लाखन सिंह, नीलकंठ राणा, रामप्रकाश गुप्ता, मंदीप वर्मा, आयोजन समिति के जिला संयोजक मुकेश पारिक, सह संयोजक अतुल त्यागी, योगेश वर्मा, विशाल खेड़ा, जिला प्रचार प्रमुख धीरेन्द्र भट्ट, बरीत सिंह, मनीष अग्रवाल, देवेन्द्र, लक्ष्मी नारायण, सुभाष अरोरा, राजेश गुप्ता, प्रीत ग्रोवर, बिट्टू शर्मा, मयंक कक्कड़, सुनील वाल्मीकि, रवि पाल, डा. राम उजागर, सुनील ठुकराल, अमित गौड़, सुलतान सिंह, उपेन्द्र चौधरी, सोनू अनेजा, राजेश जग्गा, निमित शर्मा, गजेन्द्र प्रजापति, धर्म कोली, सुशील यादव, सचिन गुम्बर, धीरेश गुप्ता, नीरज शर्मा, नीरज त्यागी, प्रणय, जगदीश सुखीजा, रमेश जोशी, सुनील यादव, सुरेश कोली, राजकुमार खनीजो, राजेन्द्र बजरंगी, राजू गाबा, अशोक सिंघल, संदीप धीर, सुभाष डोगरा, विजय बहादुर, भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष रश्मी रस्तोगी, नीता श्रीवास्तव, ममता त्रिपाठी, पुष्पा ग्रोवर, मीना शर्मा, स्वाति, रजनी रावत, माही सकलानी, शालिनी बोरा, हिमांशु शुक्ला, आदि हजारों राम भक्त मौजूद थे।

### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे कुछ दस्तावेजों में मेरा नाम राजीव ग्रोवर (RAJEEV GROVER) दर्ज है। जबकि मेरा वास्तविक नाम राजीव कुमार ग्रोवर (RAJEEV KUMAR GROVER) है।अत: मुझे मेरे वास्तविक नाम राजीव कुमार ग्रोवर (RAJEEV KUMAR GROVER) के नाम से ही जाना व पहचाना जाए।

राजीव कुमार ग्रोवर पुत्र श्री खुशाल चन्द,निवासी-ग्राम बलराम नगर, पो. गदरपुर, तहसील गदरपुर,उधम सिंह नगर

**जल निगम और...**है वहीं शहरी विकास विभाग के अन्तर्गत संचालित संस्था यूयूएसडीए द्वारा मूल अभियांत्रिकी विभागों के कार्यक्षेत्र में अतिक्रमण किये जाने से सभी कार्मिक आक्रोश में है। उक्त संस्था द्वारा कराये जा रहे कार्यों की गुणवत्ता स्तरीय नही पायी गयी, जिस कारण निर्माण कार्यों में लापरवाही व तकनीकी अज्ञानता के कारण जहाँ शासकीय धन की बर्बादी हो रही है वही अनियोजित एवं त्रुटिपूर्ण हानि निर्माण कार्यों के कारण आम जनता को हो रही असुविधा के कारण सरकार की छवि भी धूमिल हो रही है। इस दौरान संयोजक बीसी जोशी, मनोज सक्सेना, एससी भट्ट, गोविंद कन्याल, ललित चन्द्र जोशी, अवनीश कुमार गुप्ता, अजय चौधरी, दीवान राम आर्या, मुनीष कुमार, बद्री प्रसाद, राजकुमार, विपिन चक्रवर्ती, आलोक सक्सेना, मनोज पाठक, श्याम लाल, अमित तिवारी, गिरधारी महतो आदि मौजूद थे।

**प्राण प्रतिष्ठा को ...**गेस्ट हाउसों में विदेशी नागरिकों के ठहरने संबंधित सी-फॉर्म के नियमों का कड़ाई से पालन कराने को भी कहा। इलेक्ट्रॉनिक सिगरेट व इसी तरह के उपकरणों पर प्रतिबंध के लिए उत्पादन निर्माण, आयात, निर्यात, परिवहन, बिक्री, वितरण, भण्डारण और विज्ञापन अधिनियम और कोटपा ऐक्ट के तहत कार्रवाई तेज करने को भी कहा है।

**महिला कर्मियों के...** लगाकर काम करने के लिये चली गयी। सांय 6 बजे जब वह काम करके वापस अपने कमरे पर आयी तो देखा कमरे का ताला टुटा हुआ था और कमरे में रखा सारा सामान बिखरा हुआ था। दिया का कहना है कमरे में से उसका तथा उसकी रूम पार्टनर गंगा मलडा का मोबाईल, टैवलेट, सूटकेस में रखे हुये हम तीनो के 20 हजार रूपए गायव थे। जो कि अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर लिये गये थे। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

**ट्रक की टक्कर से ..**तो परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मृतक फेरी लगाकर कपड़ों की बिक्री किया करता था। दिन भर बिक्री करने के बाद वह शाम को बरेली स्थित अपने घर को जा रहा था।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# नर्सिंग अधिकारियों को बांटे नियुक्ति पत्र

रुद्रपुर(उद संवाददाता)।नगर निगम रुद्रपुर के सभागार में नर्सिंग अधिकारियों को नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम में मंत्री चिकित्सा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा, सहकारिता, उच्च शिक्षा, विद्यालयी शिक्षा एवं सँस्कृत शिक्षा उत्तराखंड सरकार धन सिंह रावत ने मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग किया। श्री रावत का कार्यक्रम में ढोल-नगाड़ों, फूल-मालाओं से जोरदार स्वागत किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्वास्थ्य मंत्री धन सिंह रावत ने दीप प्रज्वलित कर किया इसके उपरांत स्वास्थ्य विभाग द्वारा गणेश वंदना की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि केंद्रीय रक्षा एवं पर्यटन राज्य मंत्री अजय भट्ट रहे।स्वास्थ्य मंत्री धन सिंह रावत ने अपने सम्बोधन में कहा कि जिनको भी आज यहाँ नियुक्ति पत्र दिए जा रहे हैं उनको बधाई के साथ-साथ भविष्य के लिए शुभकामनाएं देता हूँ। उन्होंने कहा कि आप सब लोग अपने कार्य को पूरी निष्ठा, लगन एवं ईमानदारी से आम जन की सेवा करेंगे। उन्होंने कहा कि मुझे आशा है कि आप सभी लोग अपने बेहतर कार्यशैली से सरकार एवं विभाग के साथ-साथ अपने परिवार और अपना नाम भी रोशन करेंगें। उन्होंने बताया कि इस वर्ष हमारी सरकार ने 11 हजार लोगों को रोजगार देने का कार्य कर रही हैं। जिसके अंतर्गत 3 हजार नर्सिंग अधिकारी जिसमें से अभी तक 1376 लोगों को नियुक्ति पत्र वितरण किया जा चुका है, 2 हजार 5 सौ लोगों को वार्ड बॉय, 1 हजार भर्ती पिथौरागढ़ मेडिकल कॉलेज, 1 हजार हरिद्वार मेडिकल कॉलेज और 1 हजार भर्ती रुद्रपुर मेडिकल कॉलेज के लिए रखी है। उन्होंने बताया कि अभी आगे हम 381 एएनएम की भर्ती शीघ्र करने वाले हैं। इसी के साथ 1 हजार लैब टेक्नीशियनों की भर्ती भी करेंगे वहीँ 500 चिकित्सकों की भर्ती हम 30 मार्च 2024 को करने जा रहे हैं इसी क्रम में फार्मासिस्टों के जितने भी पद खाली है उनको भरने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज जिनको भी नियुक्ति पत्र मिला है वह अति शीघ्र अपनी सेवाएं देना प्रारम्भ करें। उन्होंने केंद्रीय रक्षा एवं पर्यटन राज्य मंत्री अजय भट्ट को जसपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में अपने सांसद निधि से अल्ट्रासाउंड मशीन देने पर आभार जताया। उन्होंने बताया कि हमारी सरकार द्वारा काशीपुर उप जिला चिकित्सालय को 100 बेड का मल्टीस्टोरी अस्पताल बनाने जा रहे हैं जिसके लिए लगभग 35 करोड़ रुपये का व्यय हो रहा है जो हमारी सरकार ने जारी कर दिया है। उन्होंने बताया कि सितारगंज के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र को उपजिला चिकित्सालय बना दिया है उसे भी हम 100 बेड का बनाने जा रहे हैं, हम बाजपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का उच्चीकरण का कार्य कर रहे हैं, इसी के साथ खटीमा के नागरिक चिकित्सालय में भी सारी सुविधाएं मुहैया करा दी है। उन्होंने बताया कि नैनीताल लोकसभा में स्वास्थ्य विभाग द्वारा 2900 करोड़ रुपये खर्च किये हैं। केंद्रीय रक्षा एवं पर्यटन राज्य मंत्री अजय भट्ट ने कहा कि डाक्टर को भगवान का दूसरा रूप माना जाता है, इसको ध्यान में रखते हुए अपने पूर्ण निष्ठा व मनोयोग से आम जन की सेवा करें। मुख्य चिकित्सा अधिकारी मनोज शर्मा ने बताया कि स्वास्थ्य मंत्री द्वारा जनपद में श्रीमती मोहिनी सिंह, श्रीमती कांता, सुश्री आरती तिवारी, श्रीमती रूपा पोखरिया, सुश्री संजीत, सुश्री भावना द्विवेदी, श्रीमती सोनी जोशी, सुश्री संगीता सोनल, श्रीमती पूजा अधिकारी असवाल, सुश्री हिमानी बोरा, श्रीमती निम्मी आर्या, श्रीमती श्वेता चन्द, सुश्री नामित आर्य, सुश्री सपना बोरा, सुश्री अनिता, सुश्री बबीता गोस्वामी, श्रीमती हंसा राणा, सुश्री दीक्षा मेहता, सुश्री संगीता जुमला, श्रीमती गीतिका, सुश्री सुनैना, सुश्री शालिनी आर्या, सुश्री ममता कोहली, सुश्री शारदा रानी, सुश्री रितु, सुश्री सुजाता कोहली, सुश्री वंदना लोहिया, सुश्री एकता, सुश्री प्रियंका कुमारी, सुश्री सुप्रिया आर्या, मनीष लेविस, निशांत सिंह, सुरेश राम, कुलदीप सिंह पुंडीर, प्रमोद सिंह थापा, राहुल सिंह थापा, नवीन चन्द्र पाण्डे, भास्कर भट्ट, नारायण सिंह दानू, नीलम कुमार चन्याल एवं दलीप सिंह देव को नियुक्ति पत्र सौंपे गए। इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक शिव अरोरा, उपाध्यक्ष राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य एवं अनुश्रवण परिषद, उत्तराखंड सुरेश भट्ट, दर्जा राज्य मंत्री अनिल डब्बू, जिलाध्यक्ष भाजपा कमल जिन्दल, जिला महामंत्री भाजपा अमित नारंग,पूर्व मेयर रामपाल सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष विवेक सक्सेना, सीएमओ मनोज शर्मा, एसीएमओ डॉ हरेन्द्र मलिक, डॉ डीपी सिंह, डॉ एसपी सिंह, डॉ राजेश आर्या, जिला समन्वयक पीएनडीटी प्रदीप मेहर, सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।







# गांधी पार्क के समक्ष ठेली लगवाने की मांग

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। लघु व्यापारी एसोसिएशन के एक शिष्ट मंडल ने जिलाध्यक्ष गुलशन नारंग व महानगर अध्यक्ष सुरेश शर्मा के नेतृत्व में विधायक शिव अरोरा से मुलाकात कर उन्हें एक ज्ञापन सौंपा। श्री नारंग व श्री शर्मा ने बताया कि गांधी पार्क में राष्ट्रीय सरस मेला के आयोजन पर गांधी पार्क के समीप काफी वर्षों से रेहडी पटरी पर कार्य करने वाले व्यवसायों को प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा वहां से हटा दिया गया था। नगर निगम प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन ने वैकल्पिक व्यवस्था गांधी पार्क के सामने अंबेडकर पार्क एवं धीर पार्क में की है। उन्होंने बताया कि अंबेडकर पार्क समिति एवं धीर पार्क के सामने वाले दुकानदार लगातार विरोध कर रहे हैं। इन रेहडी पटरी वालों को हटाया जाए। रेहडी पटरी वालों का पार्कों में काम नहीं चल पा रहा है। काफी ठेली बंद पड़े होने के कारण व्यापारियों को परेशानियो का सामना करना पड़ रहा है। आए दिन रेहड़ी हटाओ अभियान से रेडी पटरी व्यवसायई का कारोबार प्रभावित होता है। प्रधानमंत्री सुनिधि योजना से नगर निगम रुद्रपुर में रेहडी पटरी वालों को लोन भी दिया गया है। कारोबार ना होने के कारण कई लघु व्यापारी लोन की किस्त भी नहीं दे पा रहे हैं। उन्होंने कहा कि जब तक वेंडिंग जोन में व्यवस्था नहीं होती। तब तक पुराने स्थान पर ही रेहड़ी लगाने की अनुमति दी जाए। विधायक श्री अरोरा ने आश्वासन दिया अधिकारियों से वार्ता कर शीघ्र ही समाधान किया जाएगा। किसी भी लघु व्यापारी रेहडी पटरी पर वाले को उत्पीड़न या परेशान नहीं होने दिया जाएगा। श्री अरोरा ने कहा कि वह 23 जनवरी को स्वयं अपनी मौजूदगी में इन रेहडी पटरी वालों की व्यवस्था का समाधान करेंगे।शिष्ट मंडल में जिला अध्यक्ष गुलशन नारंग, नगर अध्यक्ष सुरेश शर्मा, जिला उपाध्यक्ष सुभाष गुप्ता, नगर उपाध्यक्ष सुभाष रस्तोगी, नगर उपाध्यक्ष नन्हे सागर, महामंत्री आकाश पाल, उपाध्यक्ष अशोक रस्तोगी, पूर्व पार्षद सोनू अनेजा आदि लोग थे।



# कलश यात्रा के साथ स्थापित हुई मूर्तियां

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। शहर की डायनामिक गार्डन सिटी कॉलोनी के नवनिर्मित मदिर में श्री राम चंद्र जी के परिवार की मूर्तियां विधि विधान से स्थापित की गयी। मूर्ति स्थापना से पूर्व कालोनीवासियों ने भव्य कलश यात्रा निकालकर माहौल को भक्तिमय कर दिया। कलाश यात्रा कालोनी के विभिन्न मार्गों से होती हुई। मंदिर पहुंची। यहां पर मंत्रोच्चारण के साथ विधान से श्री रामजी और उनके परिवार की मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा की गयी। कलश यात्रा एवं प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में प्रमुख रूप से श्रीमती सुधा तिवारी,दीपा,लता जोशी, सुमन विश्नोई,सरोज पांडे, लक्ष्मी,टीना,गीता बिष्ट,कुशुम कोहली,मीना प्रकाश समेत तमाम लोग मौजूद थे।



# जय श्री राम के जयघोषों के साथ किया पूजा सामग्री व कैलेंडर वितरण

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। भाजपा आर्थिक प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक और रामभक्त भारत भूषण चुघ ने बीती शाम ओर प्रात: दरिया नगर, रविंद्र नगर और घास मंडी के दर्जनों रामभक्तो के साथ पूजा सामग्री व कैलेंडर वितरण का अभियान जारी रखा। उन्होंने सभी मंदिरों में पहुंचकर माथा टेका और प्रभु श्री राम के जयकारों के साथ अपना पूजा सामग्री वितरण कार्यक्रम प्रारंभ किया। उन्होंने कहा कि देश के करोड़ों हिंदू आज अपने आप को गौरवान्वित महसूस कर रहे होंगे कि जब उनके आराध्य प्रभु राम अपने मंदिर में विराजमान होंगे। इस एहसास से ही करोड़ों देशवासियों में उत्साह व उमंग की लहर है और सभी इस समय प्रभु राम के नाम में डूबे हुए नजर आ रहे हैं। श्री चुघ ने कहा वर्तमान पीढ़ी के लिए बहुत सौभाग्य का विषय है कि वह इस महान अवसर का साक्षी बन रही है क्योंकि उनके बुर्जुगो ने जो सपना देखा था वह आज 500 वर्ष बाद पूरा हो रहा है और ऐसे में हर हिंदू बचाने को अपने घरों में दीवाली मनाएगा। उन्होंने कहा कि रामलला प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव को लेकर अयोध्या धाम में तैयारियां पूर्ण हो चुकी हैं और गर्भ ग्रह में रामलला की मूर्ति भी स्थापित कर दी गई है। ऐसे में देश के सभी लोगों को 22 जनवरी का इंतजार है कि जब वह अयोध्या धाम जाकर प्रभु राम के साक्षात दर्शन कर सकें और अपने जीवन को धन्य बना सकें। उन्होंने कहा केंद्र और उत्तर प्रदेश सरकार इस दिशा में सदैव प्रयासरत रही है और इसी के प्रतिफल स्वरूप आज यह सौभाग्य का दिन हम सब लोगों के सामने आया है। उन्होंने कहा पिछले कई दिनों से वह शहर की मलिन बस्तियों में रामलला प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव को लेकर पूजा सामग्री व कैलेंडर का वितरण कर रहे हैं , ताकि घर- घर रामोत्सव मनाया जा सके और सभी के घर और प्रतिष्ठान रोशनी से सराबोर हो सके। उन्होंने राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर सभी क्षेत्रवासियों को शुभकामनाएं दी।उन्होंने कहा कि राम लला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर सैकड़ो वर्षों तक संघर्ष किया गया और इस संघर्ष का परिणाम है कि आज यह समय आया कि अयोध्या धाम मे प्राण प्रतिष्ठा समारोह आयोजित किया जा रहा है। जहां विधि विधान से प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम होगा। श्री चुघ ने कहा कि समाज के सभी वर्ग के लोग इस ऐतिहासिक पल को अपने दिलों में संजो कर प्रभु राम का स्मरण करें और अपने- अपने घर और प्रतिष्ठानों को दियों से रोशन करे। आज प्रात: उन्होंने दरिया नगर, रविंद्र नगर और घास मंडी में तमाम राम भक्तों के साथ प्रभु श्री राम के जयकारे के साथ पूजा सामग्री व कैलेंडर वितरण का अभियान प्रारंभ कर दिया। राम भक्त चुघ अपनी टीम के साथ भगवान श्री राम के जयकारों के बीच घर- घर पहुंचे जहां उन्होंने बुजुर्गों और महिलाओं से आशीर्वाद लिया और उन्हें पूजा सामग्री व कैलेंडर वितरित किए। इस मौके पर रणजीत सागर, किरण पाल, राजू, अशोक सिंह नेगी, रिशिपाल, राज कोली, शिव कुमार सिव्वु, सनी पासवान, राजू सागर, दिनेश, रिंकू समेत तमाम लोग मौजूद थे।





